इंदौर-भोपाल से एक साथ प्रकाशित

विश्वास पुराना, ख़बर सच्ची

# दैनिक राजीव टाइम्स



पेज 02 चोखी ढाणी में गड़बड़ी : बाफले में लूज़ घी ...



पेज 06 दक्षिण अफ्रीका ने 107 रन से...

संस्थापक : स्व. श्री राजेन्द्र खंडेलवाल

इंदौर, शनिवार, 22 फरवरी, 2025, फाल्गुन, कृष्ण पक्ष- दशमी, विक्रम संवत् 2081

वर्ष 44, अंक 311 , पृष्ठ 08, कीमत 3 रुपए

## यूएस फंडिंग के दावों पर हरकत में आई भारत सरकार, जांच शुरू

### ट्रंप के दावे के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जताई चिंता

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल भारत में हुए लोकसभा चुनावों में अमेरिकी फंडिंग का दावा कर हड़कंप मचा दिया है। अमेरिकी एजेंसी USAID द्वारा भारत में वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने के लिए कथित तौर पर 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग रद्द किए जाने के बाद अब भारत सरकार हरकत में आ गई है। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने इस पर चिंता जताते हुए



कहा है कि देश के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की खबरें चिंताजनक है। इसे लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

बीते बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप ने USAID की फंडिंग को रद्द करने के अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा था कि भारत के चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के नाम पर अमेरिकी पैसे खर्च कर किसी और को जितवाने की कोशिशें की जा रही थीं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, "हमने अमेरिकी प्रशासन द्वारा अमेरिका की गतिविधियों और फंडिंग के बारे में दी गई जानकारी देखी है। इससे भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की चिंता पैदा हुई है। संबंधित विभाग और अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं और फिलहाल इस मामले पर सार्वजनिक टिप्पणी करना सही नहीं है।" ट्रंप के दावों के बाद भारत में इसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। बीजेपी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस फंडिंग के जरिए कांग्रेस द्वारा भाजपा को तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने की कोशिशें की गई थीं। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी, जिन्होंने देश की अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने के लिए भारत के संविधान के तहत शपथ ली है, भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं और हमारे देश की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने के लिए भारत विरोधी ताकतों के लिए एक प्रोत्साहन के रूप में कार्य कर रहे हैं। राहुल गांधी पीएम मोदी को हराने के लिए विदेशी ताकतों का समर्थन ले रहे हैं। वह देश के लोकतंत्र को नष्ट करना चाहते हैं।

वहीं कांग्रेस ने भाजपा नेता स्मृति ईरानी से USAID के लिंक का हवाला देते हुए भाजपा को घेरने की कोशिश की है। इस बीच एक अखबार ने हाल ही में ट्रंप के दावों को खारिज करने वाली एक रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक 2022 में 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग भारत के लिए नहीं, बल्कि बांग्लादेश के लिए आवंटित की गई थी।

---

## शॉर्ट न्यूज़

### महाकुंभ में गंगा जल शुद्ध वैज्ञानिक ने किया दावा

**नई दिल्ली।** महाकुंभ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवाल किए जा रहे हैं। इसी बीच देश के जाने-माने पद्मश्री वैज्ञानिक डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है। संगम, अरैल समेत पांच घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुंभ में 58 करोड़ से अधिक श्रद्धालु के गंगा में स्नान के बाद भी इसकी शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है।



### एकनाथ शिंदे ने फिर कहा 'मुझे हल्के में मत लेना'

**नागपुर।** महाराष्ट्र की महायुति सरकार में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। सूत्रों की मानें तो शिंदे और मुख्यमंत्री फडणवीस के बीच कोल्ड वॉर की स्थिति है। शुक्रवार कोनागपुर में पत्रकारों से उन्होंने कहा, मैं बाला साहेब और दिघे साहेब का कार्यकर्ता हूं। ये समझ के मुझे सबने लेना चाहिए और इसलिए जब हल्के में लिया तो 2022 में टांगा पलटी कर दिया। सरकार को बदल दिया और हम आम जनता की इच्छाओं की सरकार लाए। इसलिए मुझे हल्के में मत लेना, ये इशारा जिन्हें समझना है वे समझ लें।



### इंदिरा गांधी के हत्यारे के भतीजे को 22 साल की सजा

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड की अदालत ने इंदिरा गांधी के हत्यारे सतवंत सिंह के भतीजे बलतेज सिंह को 22 साल की सजा सुनाई है। उसे 700 किलोग्राम मेथ ड्रग रखने के आरोप में दोषी ठहराया गया है। बलतेज को नाम न बताने की इजाजत भी कोर्ट से मिली है, और यही वजह है कि उसके वकीलों ने उसके नाम को दोषी के रूप में गुप्त रखा है। इस बीच पंजाब में उसके रिश्तेदारों ने इस खबर को फेक न्यूज़* बताया है।



### बीबीसी इंडिया पर लगा 3.4 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) इंडिया और उसके निदेशकों पर विदेशी फंडिंग नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए 3.44 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। ईडी ने कहा कि बीबीसी इंडिया ने डिजिटल मीडिया संगठनों के लिए तय 26% विदेशी निवेश (एफडीआई) सीमा का पालन नहीं किया और इसे 100% बनाए रखा, जो कि भारतीय कानूनों का उल्लंघन है।



---

### मराठी साहित्य सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा

## भाषा के नाम पर भेदभाव की कोशिश भाषाएं समृद्ध करना सबका दायित्व

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

पीएम मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम ने तमिलनाडु में भाषा को लेकर चल रहे भेदभाव का जिक्र करते हुए कहा कि कई बार जब भाषा के नाम पर भेद डालने की कोशिश की जाती है, तो हमारी भाषाओं की साझी विरासत ही उसका सही जवाब देती है। इन भ्रमों से दूर रहकर भाषाओं को समृद्ध करना, उन्हें अपनाना, ये हम सबका सामूहिक दायित्व है। इसलिए, आज हम देश की सभी भाषाओं को मेन स्ट्रीम लैंग्वेज के रूप में देख रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, हम मराठी समेत सभी प्रमुख भाषाओं में शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं। अब महाराष्ट्र के युवा मराठी में हायर एजुकेशन, इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई वहां का युवा आसानी से कर सकेंगे। अंग्रेजी न जानने के कारण प्रतिभाओं की उपेक्षा करने वाली सोच को हमने बदल दिया है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन एक भाषा या राज्य तक सीमित आयोजन नहीं है, मराठी साहित्य के इस सम्मेलन में आजादी की लड़ाई की महक है, इसमें महाराष्ट्र और राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत है। उन्होंने संत ज्ञानेश्वर का वचन याद करते हुए कहा कि मराठी भाषा अमृत से भी बढ़कर मीठी है। मैं आप विद्वानों की तरह मराठी में उतना प्रवीण तो नहीं हूं, लेकिन मराठी बोलने का प्रयास, मराठी के नए शब्दों को सीखने की कोशिश मैंने निरंतर की है।"



उद्घाटन समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) के प्रमुख शरद पवार, प्रसिद्ध मराठी लेखिका तारा भवालकर और सम्मेलन की अध्यक्ष उषा तांबे की उपस्थिति में पीएम मोदी को सम्मानित किया गया। यह 71 वर्षों में पहली बार है जब यह प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मेलन राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जा रहा है। रविवार 23 फरवरी तक चलने वाला यह तीन दिवसीय कार्यक्रम मराठी साहित्य की समृद्ध विरासत और समकालीन विमर्श में इसकी उभरती भूमिका का जश्न मनाता है।

#### आरएसएस से मिली प्रेरणा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 100 वर्ष पहले जिस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का बीज बोया गया था, वह आज एक वट वृक्ष के रूप में भारत की महान संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचा रहा है। उनके जैसे लाखों लोगों को इस संगठन ने देश के लिए जीने की प्रेरणा दी है। आरएसएस के कारण ही उन्हें मराठी भाषा और मराठी परंपरा से जुड़ने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ है। ये महाराष्ट्र और मुंबई ही है जिन्होंने मराठी फिल्मों के साथ-साथ हिंदी सिनेमा को ऊंचाई दी है। यह सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है जब छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 वर्ष पूरे हुए हैं, और इन दिनों तो छावा की धूम मची हुई है।

#### पवार को कुर्सी पर बैठाने,पानी देने पर बजी तालियां

मराठी साहित्य सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के एक खास अंदाज की वजह से उनकी खूब प्रशंसा हो रही है। दरअसल, कार्यक्रम में पीएम मोदी ने अपने हाथों से कुर्सी को पकड़कर शरद पवार को सहारा देते हुए उस पर बिठाया। उन्होंने पवार के सामने रखी बोतल को खोलकर गिलास में पानी निकालकर उन्हें दिया। यह देखकर कार्यक्रम में मौजूद लोग तालियां बजाने से खुद को नहीं रोक सके।

## मणिपुर: राष्ट्रपति शासन में 30 से ज्यादा उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल ▪ एजेंसी**

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने से उग्रवाद से निपटने के लिए राज्य के नजरिए में अहम बदलाव आया है। सुरक्षा बलों ने इलाके में सक्रिय उग्रवादी समूहों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कदम कई महीनों तक बढ़ती हिंसा और अराजकता के बाद उठाया गया है, जिसके कारण केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ा।

एक हफ्ते के अंदर ही एक सीनियर लीडर सहित 30 से ज्यादा उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। हिरासत में लिए गए उग्रवादी घाटी-आधारित उग्रवादी समूहों जैसे कि कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (KCP), पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA), PREPAK और KYKL के साथ-साथ कुकी नेशनल आर्मी (KNA) और यूनाइटेड नेशनल कुकी आर्मी (UNKA) जैसे कुकी उग्रवादी समूहों के कई गुटों से ताल्लुक रखते हैं।

सुरक्षा बलों ने हथियारों और विस्फोटकों का एक बड़ा जखीरा भी बरामद किया है। मणिपुर के विभिन्न जिलों में चलाए गए अभियानों के दौरान कम से कम 15 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस, एचके राइफल, इंसास राइफल और एके-सीरीज राइफल जैसे अत्याधुनिक स्वचालित हथियार जब्त किए गए हैं। सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया, "खुफिया सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई है। विद्रोही समूह फिर से संगठित होने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन सुरक्षा बलों की कार्रवाई की वजह से कई जगहों पर उनके नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। आने वाले दिनों में और भी अभियान चलाए जाएंगे। आने वाले हफ्तों में और ज्यादा छापेमारी, गिरफ्तारी और हथियारों की जब्ती की उम्मीद के साथ सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं। अब जब राज्य केंद्रीय नियंत्रण में है, तो अधिकारी विद्रोह को रोकने और इलाके में शांति के लिए आधार तैयार करने के लिए सुरक्षा रणनीति बनाने का लक्ष्य बना रहे हैं।

## हाथरस भगदड़ : भोले बाबा को क्लीन चिट

**हाथरस ▪ एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के हाथरस में बीते साल 2 जुलाई 2024 को सत्संग के बाद हुए भयंकर भगदड़ कांड में न्यायिक आयोग ने अपनी जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। फाइनल रिपोर्ट के अनुसार सूरजपाल उर्फ भोले बाबा को क्लीन चिट दी गई है। इस हादसे में 121 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी। आयोग ने इस घटना में आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार ठहराया है, जबकि प्रशासन और पुलिस की लापरवाही को भी गंभीर चूक माना गया है।



हादसे के 91 दिनों की विवेचना के बाद पुलिस की तरफ से 3200 पन्नों की चार्जशीट दायर की गई थी। इस मामले में 11 लोगों को आरोपी बनाया गया था। हालांकि चार्जशीट में भी भोले बाबा का जिक्र नहीं था। सरकार की तरफ से न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया था। मामले की फाइनल रिपोर्ट में जांच आयोग ने यह स्पष्ट किया कि बाबा का घटना से कोई संबंध नहीं था। आयोजकों का कुप्रबंधन और स्थल पर भीड़ की अधिकता को घटना की प्रमुख वजह माना गया है। पुलिस ने अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से नहीं निभाई। भीड़ प्रबंधन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई थी। यदि पुलिस और प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण के लिए जरूरी कदम उठाए होते, तो इस दुखद हादसे से बचा जा सकता था।

## दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र 24 फरवरी से

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

नई सरकार गठन होने के बाद दिल्ली में अब विधानसभा सत्र शुरू होने वाला है। 24 से 27 फरवरी तक दिल्ली विधानसभा का सत्र चलेगा। यह जानकारी पिछली विधानसभा में बीजेपी विधायक दल के नेता रहे विजेंद्र गुप्ता ने दी है। पहले ही सत्र में सरकार CAG रिपोर्ट्स पेश करेगी। जानकारी के अनुसार 27 फरवरी को रिपोर्ट पेश होगी। 24 से 27 तक तीन दिनों तक बैठक होगी। 26 फरवरी को शिवरात्री की छुट्टी होगी। पहले सत्र में स्पीकर का चुनाव होता है और नवनिर्वाचित विधायकों को सदस्यता की शपथ दिलाई जाती है।

वहीं पहले दिन बीजेपी सरकार ने केजरीवाल को करारा झटका दिया है और उनके व्यक्तिगत स्टॉफ की सेवाएं खत्म कर दी है। उन्होंने कहा है कि पूर्व सरकारों ने जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति की थी उनको दूसरी जगह नियुक्ति दी जाएगी। उनको तुरंत अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने को कहा गया है। कई सारे अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर दूसरे बोर्ड कॉरपोरेशन में भेजा गया था। बताया जा रहा है कि सप्ताह भर पहले सभी विभागों से पूर्व सरकार की ओर से कंट्रैक्ट और व्यक्तिगत स्टॉफ की जानकारी मांगी गई थी उनको मूल विभाग में लौटने को कहा गया है।



रेखा गुप्ता के सीएम पद बैठने के साथ आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच जुबानी जंग भी तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी ने रेखा गुप्ता के शपथ लेने के बाद महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाया था। इस पर दिल्ली की नई मुख्यमंत्री ने विपक्ष को करारा जवाब देते हुए पिछले प्रशासन पर दिल्ली के विकास की अनदेखी करने और भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया। इतना ही नहीं सीएम ने इशारों-इशारों में आम आदमी पार्टी में बड़ी टूट की ओर भी इशारा कर दिया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उन्होने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात करने के लिए समय मांगा है।

### संभल हिंसा : पुलिस की 3000 पन्नों की चार्जशीट में बड़े खुलासे!

## दुबई से गैंगस्टर ने रची हिंसा और वकील को मारने की साजिश

**संभल ▪ एजेंसी**

संभल हिंसा की जांच कर रही एसआईटी ने करीब 3000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें कई सनसनीखेज खुलासे किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि इस हिंसा में दुबई में बैठे एक गैंगस्टर शारिक साठा का हाथ है। उसको संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क का संरक्षण प्राप्त है। उसने ही कॉल करके लोगों को भड़काया और जामा मस्जिद के सर्वे को रोकने के लिए कहा था। इस दौरान हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन की हत्या का साजिश भी रची गई थी।

पुलिस ने हिंसा के मामले में गिरफ्तार 79 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। संभल के एसपी केके बिश्नोई ने खुलासा किया है कि शारिक साठा गैंग से जुड़े मो. गुलाम ने साल 2014 में सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहैल इकबाल पर गोली चलाई थी। उसको ही वकील विष्णु शंकर जैन की हत्या की जिम्मेदारी दी गई थी। संभल पुलिस की एसआईटी ने 24 नवंबर की हिंसा के दौरान उपद्रवियों को हथियारों के सप्लायर मोहम्मद गुलाम को गिरफ्तार किया था। वो संभल हिंसा के सबसे बड़े मास्टरमाइंड गैंगस्टर शारिक साठा गैंग से जुड़ा हुआ है, जिसका डी कंपनी से कनेक्शन बताया जा रहा है। पुलिस ने गुलाम के पास से एक 9 एमएम पिस्टल, 32 बोर की 2 पिस्तौल, तीन विदेशी पिस्तौल, तीन विदेशी कारतूस बरामद किए थे। ये कारतूस चेकोस्लोवाकिया, ब्रिटेन और जर्मनी में बने हुए थे।



#### कारों की चोरी, हथियारों की तस्करी

इससे पहले घटनास्थल से पाकिस्तान और अमेरिका में निर्मित कारतूस भी बरामद किए गए थे। पूछताछ में गुलाम ने बताया कि 23 नवंबर को उसने अपने बॉस शारीक साठा से फोन पर बातचीत की थी। उसको फोन पर जानकारी दी कि 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे होना है। साठा मस्जिद का सर्वे नहीं होने देना चाहता था। गुलाम ने कहा कि संभल की जामा मस्जिद को 500 साल पहले बाबर के द्वारा बनाया गया था। यह उसकी निशानी है। जामा मस्जिद की रक्षा हमारा काम है।

#### गुलाम के मोबाइल में जंगी ऐप

संभल एसपी ने बताया कि हिंसा से जुड़े कई व्हाट्सऐप ग्रुप मिले हैं। इसमें एक सांसद संभल के नाम से बना हुआ है। इस ग्रुप में 21 नवंबर की रात को लोगों को इकट्ठा होने की जानकारी दी गई थी। इसी तरह 23 नवंबर को भी इसी ग्रुप में लोगों को इकट्ठा होने के लिए कहा गया था। गुलाम के मोबाइल से एक जंगी ऐप मिला है। इस ऐप का डाटा किसी सर्वर पर स्टोर नहीं रहता है। इसलिए आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोग इसका इस्तेमाल करते हैं। गुलाम के पास से गैंगस्टर शारिक साठा और उसकी पत्नी का मोबाइल नंबर बरामद हुआ है। पुलिस इंटरनेशनल अथॉरिटी से संपर्क करके डिटेल्स हासिल करेगी।

# कलेक्टोरेट के पास स्कूल में डेकोरेशन करने आए मजदूर ने दो टीचरों को छेड़ा

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

कलेक्टोरेट से चंद कदमों की दूरी पर एक निजी स्कूल में डेकोरेशन के लिए पहुंचे कर्मचारी ने स्कूल संचालिका और महिला शिक्षिका को बंधक बना लिया। मामले की जानकारी जब आसपास के लोगों को हुई तो पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बदमाश दोनों के साथ छेड़छाड़ करने लगा। शोर सुनकर आसपास भीड़ इकट्ठा हो गई। साथ ही पुलिस बुलवाई गई। आरोपी को पकड़कर थाने ले जाया गया। उसके खिलाफ छेड़छाड़ की धारा में प्रकरण दर्ज किया है।

रावजी बाजार थाना क्षेत्र के बैराठी कॉलोनी की गली न.1 में पलसीकर पेट्रोल पंप के सामने ये स्कूल है। एक निजी बैंक के पास वाली गली में स्थित वेदांत (प्री) चाइल्ड स्कूल में वार्षिकोत्सव की तैयारी चल रही थी। इस दौरान विदिशा निवासी संदीप शर्मा नामक व्यक्ति डेकोरेशन के लिए पहुंचा। शुक्रवार शाम लगभग 5 बजे स्कूल में संचालिका और महिला शिक्षिका ही मौजूद थीं तथा शनिवार को होने वाले वे वार्षिकोत्सव की तैयारियां कर रही थीं।



## छत पर पहुंच गया बदमाश

फरियादी के पति हितेश वर्मा ने बताया कि मौका पाकर आरोपी किसी तरह स्कूल की छत पर पहुंच गया था। किसी काम से स्कूल संचालिका भी छत पर पहुंची तो वहां पर बदमाश ने उनको बंधक बना लिया। संचालिका की चीख-पुकार सुनकर अन्य महिला शिक्षिकाएं भी पहुंच गईं तो उसने उनको भी अपने कब्जे में ले लिया। इस पर दोनों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इस बीच मौका पाकर एक महिला शिक्षिका नीचे भाग निकली और उसने मदद के लिए आसपास के रहवासियों को बुला लिया। इसके बाद बदमाश ने हंगामा कर दिया। लगभग 15 मिनट तक चले इस घटनाक्रम के बाद पुलिस पहुंची और बदमाश को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और बद्सलूकी करने का प्रकरण दर्ज किया है।

**नीचे फेंकने की दे रहा था धमकी :** आसपास के रहवासियों ने बताया कि शोर सुनकर जब हम मौके पर पहुंचे तो आरोपी महिलाओं को छत से नीचे फेंकने की धमकी दे रहा था। उसने यह भी धमकाया था कि अगर पुलिस को खबर की तो अच्छा नहीं होगा।

### बंधक बनाने जैसी कोई बात नहीं

एसीपी देवेंद्रसिंह धुर्वे ने बताया कि आरोपी ने दो महिला शिक्षिकाओं के साथ छेड़छाड़ करते हुए दुर्व्यवहार किया है। जब शिक्षिकाओं ने विरोध किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी थी। बंधक बनाने जैसी कोई बात नहीं थी। बच्चों का स्कूल सुबह का था तो दोपहर में ही छुट्टी हो गई थी। इस कारण स्कूल में सिर्फ दो शिक्षिकाएं ही थीं, जो आयोजन की तैयारियों में लगी हुई थीं। आरोपी पिछले कुछ दिनों से डेकोरेशन के लिए स्कूल में आ रहा था।

डेढ़ लाख की पेनल्टी : घी-पनीर, पोहे, सेव, नमकीन भी जांच में फेल

# चोखी ढाणी में गड़बड़ी : बाफले में लूज घी के साथ तेल की मिलावट

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

शहर में राजस्थानी परिवेश में पकवान परोसने को लेकर ख्यात खंडवा रोड के चोखी ढाणी के बाफले मानकों पर फेल हो गए हैं। इसका खुलासा खाद्य विभाग की जांच रिपोर्ट में हुआ है। इस पर कार्रवाई करते हुए अपर कलेक्टर आईएएस गौरव बैनल की कोर्ट ने डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसी तरह पान विलास मसाला, अरिहंत और नमन के नमकीन, सच्चा साबू पर भी ग्राहकों को मिसब्रांडेड माल बेचने के मामले में दोषी माना है। शहरभर में कुल 26 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए अपर कलेक्टर के कोर्ट ने 22 लाख की पैनल्टी लगाई है।

चार महीने पहले खाद्य विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए चोखी ढाणी पर कार्रवाई की थी। यहां से दाल और बाफले सहित अन्य खाद्य पदार्थ के सैंपल भी लिए थे। जांच रिपोर्ट में बताया गया कि चोखी ढाणी में ग्राहकों को जो बाफले परोसे जा रहे थे, उसे वह शुद्ध घी में बनाना बता रहा था, लेकिन जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि वह उसमें लूज घी के साथ तेल की मिलावट भी कर रहा था। खाद्य विभाग के नियम की बात करें तो इसमें घी के साथ तेल को मिलाया जाना प्रतिबंधित किया गया है।

## अरिहंत नमकीन और नमन नमकीन भी मिसब्रांडेड



### ये मिले अमानक या मिथ्याछाप

जो सामग्री अमानक या मिथ्याछाप मिली, उसमें कोको पावडर, मिक्स दूध, सेव व नमकीन, पान मसाला, लाल मिर्च पावडर, हरा धनिया पावडर, खुला मैदा, दही, पनीर, दाल, चावल, दाल-बाफले अवमानक मिले हैं।

**होटल फेयरफील्ड (मेरियट) का पनीर और दही भी सही नहीं :** वहीं प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में शहर की एक नामी होटल के खाने को लेकर जिला प्रशासन की तरफ से एक बड़ा खुलासा किया गया है। इसमें होटल फेयरफील्ड बाय मेरियट पर खाद्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए पनीर और दही के सैंपल लिए थे। उसकी जांच रिपोर्ट में पनीर और दही सब-स्टैंडर्ड (अवमानक) निकले हैं। होटल द्वारा न केवल दोनों अवमानक खाद्य पदार्थ का निर्माण किया जा रहा था, बल्कि इसको स्टोर भी किया जा रहा था। इस मामले में अपर कलेक्टर कोर्ट ने होटल पर 1 लाख 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

### 26 केस में 22 लाख की पैनल्टी

“ कुल 26 प्रकरणों में खाद्य पदार्थ या तो अवमानक था या फिर मिथ्याछाप कैटेगरी का था। साथ ही इनमें बिना लाइसेंस के कारोबार भी किए जाने वाले कुछ लोग मिले हैं। इन सभी में कार्रवाई करते हुए लगभग 22 लाख की पैनल्टी लगाई गई है।

**-गौरव बैनल**
**अपर कलेक्टर**

इसी तरह नमन सेव भंडार द्वारा वेफर्स, साबुदाना, खट्टा मीठा मिक्सचर, रतलामी सेव भी मिसब्रांडेड मिला है। इस पर 80 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। अरिहंत नमकीन उज्जैनी सेव भी मिसब्रांडेड मिलने पर 80 हजार रुपए जुर्माना लगाया है।

### पान विलास पान मसाला भी सही नहीं

खाद्य विभाग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पान मसाला बनाने वाली नामी कंपनी गाडफे फिलिप्स इंडिया लिमिटेड का पान विलास प्रीमियम पान मसाला भी मानकों पर सही नहीं निकला है। इस पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

### सच्चा साबू का पोहा भी मिला मिसब्रांडेड

सच्चा साबू के लसूड़िया मोरी स्थित गोडाउन से मिलावटी पोहा मिला है। साथ ही मिसब्रांडेड पोहे को पैक भी किया जा रहा था। इस पर 50 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। इसके अलावा पेपे न्यूट्रीशियन प्रा.लि. और कोको डिवीजन ऑफ वीजे जिंदल से मिलावटी कोको पावडर मिलने पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

दो साल पहले की घटना : अवमानना नोटिस थमाया

# बावड़ी हादसा : कोर्ट ने कलेक्टर और निगम कमिश्नर से किया जवाब तलब

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

सपना-संगीता क्षेत्र स्थित पटेल नगर में स्थित प्राचीन कला बावड़ी के ऊपर बने शिव मंदिर के धंस जाने से कई श्रद्धालु उसमें गिर गए थे, जिनमें से 36 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई थी, जिनमें कुछ छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल थे।

मामले की जानकारी देते हुए एडवोकेट मनीष यादव ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व इस दुखत हादसे को देखते हुए पूर्व पार्षद महेश गर्ग तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद कुमार द्विवेदी द्वारा जिला न्यायालय में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें उल्लेख था कि शहर में लगभग 600 से अधिक प्राचीनकालीन कुएं तथा बावडियां हैं, जिनके ऊपर अवैध रूप से कब्जा करके निर्माण कर दिया गया है। इसे लेकर न्यायालय द्वारा एक आदेश भी जारी किया गया था जिसमें कलेक्टर एवं निगम आयुक्त को सभी बावडी तथा कुओं पर से कब्जा हटाकर उन्हें पुनर्जीवित करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन आज तक आदेश का पालन नहीं हुआ है, जिसे लेकर न्यायालय ने कलेक्टर आशीष सिंह तथा निगम आयुक्त शिवम वर्मा को अवमानना नोटिस जारी कर चार हफ्तों के भीतर जवाब मांगा है।

## तीन अवैध दुकानों पर चला बुलडोजर



**इंदौर।** नगर निगम आयुक्त को कान्ह नदी के किनारे चंद्रभागा हनुमान मंदिर के पास अवैध रूप से तीन दुकानों के निर्माण की सूचना प्राप्त हुई। इस पर आयुक्त वर्मा द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए इन 03 अवैध दुकानों को तोड़ने के निर्देश दिए गए। आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार नगर निगम की टीम ने कमल वर्मा द्वारा बनाई जा रही निर्माणाधीन दुकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की। बता दें कि एनजीटी द्वारा भी नदी किनारे किसी भी प्रकार के निर्माण पर रोक लगाई गई है। इसी के मद्देनजर नगर निगम द्वारा सख्त कदम उठाते हुए अवैध निर्माण को हटाया गया। नगर निगम प्रशासन नागरिकों से नदी किनारे अवैध निर्माण न करने की अपील करता है और चेतावनी देता है कि भविष्य में भी अवैध निर्माण के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## व्यापारी को पैसों के लिए धमकाया : दो हिंदूवादी नेताओं पर केस

**इंदौर**। जूनी इंदौर पुलिस ने हार्डवेयर व्यापारी की शिकायत पर हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुमित हार्डिया और उसके साथी सावन आसनानी के खिलाफ ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली का मामला दर्ज किया है। व्यापारी को लगातार धमकाने और वसूली के कारण उसने आत्महत्या का प्रयास भी किया था। डीसीपी ऋषिकेश मीना के आदेश पर व्यापारी मुकेश हासेजा की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने व्यापारी से कहा कि अगर उसे अपने प्लॉट पर मकान बनाना है तो उन्हें पैसे देने होंगे। पैसे न देने पर काम रुकवाने और जान से मारने की धमकी दी गई। मुकेश हासेजा और उनके भाई किशोर हासेजा का माणिकबाग में एक संयुक्त प्लॉट है, जहां वे ठेकेदार विशाल गोगवानी से निर्माण करवा रहे थे। वहीं, सुमित और सावन का पास में कंसल्टेंसी ऑफिस है।

## पूर्व सरपंच से मारपीट का वीडियो वायरल

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

सांवेर थाना क्षेत्र के जैतपुरा गांव में पेसो के लेन देन में पूर्व सरपंच के साथ महिला और पुरुष ने जमकर मारपीट कर दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने बलवा और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

दरअसल पूरी घटना सांवेर थाना क्षेत्र के जैतपुरा गांव की है, जहां पूर्व सरपंच रमेश बोरवाल के साथ महिला और पुरुष द्वारा जमकर मारपीट की गई। बाद में इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं ग्रामीण एसपी हितिका वासल ने बताया कि जमीन की बिक्री के पैसों को लेकर के पूर्व सरपंच के साथ कुछ लोगों का विवाद हुआ था, जिसमें पूर्व सरपंच के साथ महिला सहित पुरुषों ने जमकर मारपीट कर दी । पुलिस ने वायरल वीडियो आधार पर मारपीट करने वालो पर बलवा सहित मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## दो कैफे से बाल श्रमिकों को करवाया मुक्त

**इंदौर**। श्रम और महिला एवं बाल विकास विभाग ने दो कैफे से 14 से 17 वर्ष के बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया है। श्रम निरीक्षक श्रेया झा और महिला बाल विकास विभाग के आशीष गोस्वामी ने राजीव गांधी चौराहा स्थित साईंराम प्लाजा पर जय पिता राजकुमार कपूर के ओटीटी कैफे और सौम्या पति आशीष जोशी के हरमन कैफे से किशोर श्रमिकों को मुक्त कराया गया।

## डॉक्टर के यहां से लाखों का माल पार महिला सहित तीन नौकरों पर शक

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

तुकोगंज में डॉक्टर के यहां लाखों की चोरी हो गई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। डॉक्टर ने अपने यहां काम करने वाली एक महिला कर्मचारी सहित 3 लोगों पर शंका जाहिर की है। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक अहिल्या माता कॉलोनी निवासी डॉ. विजय शाह की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज किया है। 2 सितंबर 2024 को लॉकर में ज्वेलरी और रुपए रखे थे। गुरुवार को पुनः लॉकर देखा तो उसमें नकदी और ज्वेलरी नहीं मिली। इस दौरान एक निजी एजेंसी के माध्यम से राजू कीर नाम के एक व्यक्ति को बतौर नौकर रखा था। वह सितंबर से फरवरी के बीच काम पर रहा। इसके अलावा रोहित, प्रवीणा, सुभाष और मुकेश को भी काम पर रखा था। पुलिस को इस मामले में विजय शाह ने अपने नौकरों पर शंका जाहिर की है।

### दो चोरों को धरदबोचा, सराफा से माल जब्त

दूसरी ओर चोरी के एक अन्य मामले में द्वारकापुरी पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर सराफा से माल भी जब्त किया है, लेकिन सुनारों को बख्श दिया गया है। टीआई राहुल सिंह राजपूत के अनुसार अजय शुक्ला निवासी डागर नगर बाणगंगा और संतोष कोरी निवासी गुरुशंकर नगर से 3 लाख 85 हजार का माल जब्त हुआ है। दोनों आरोपियों ने सूर्यदेव नगर में दो और आस्था पैलेस व न्यू द्वारकापुरी में एक-एक वारदात की थी। वे पहले भी चोरी के मामले में पकड़ाए हैं। अजय घूमने-फिरने का शौकीन है। चोरी के बाद वह प्रयागराज चला गया था। वहीं संतोष नशे का आदी है। जानकारी के मुताबिक सराफा बाजार के सुनार के यहां आरोपियों ने माल बेचा था।

## IG के ड्राइवर से धक्का-मुक्की गाड़ी की चाबी निकालकर फेंकी

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

राजेंद्र नगर में ग्रामीण आईजी के ड्राइवर के साथ बाइक सवार तीन युवकों ने गाड़ी निकालने की बात पर विवाद किया। उन्होंने कार की चाबी निकालकर धक्का-मुक्की की और अपशब्द कहे। ड्राइवर ने उनकी बाइक की फोटो खींचकर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

राजेंद्र नगर पुलिस ने करण डागर निवासी एसएस सिटी सिलीकॉन की शिकायत पर बाइक (MP09VQ4254) सवार तीन युवकों के खिलाफ मारपीट और धमकाने का केस दर्ज किया हैं। करण ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 10 बजे वह अपनी कार (MP09DU9404) से ड्यूटी जा रहे थे। रास्ता संकरा होने के कारण उन्होंने बाइक सवारों से गाड़ी निकालने देने का अनुरोध किया, लेकिन वे बहस करने लगे। दो युवक बाइक से उतरकर बोले, “पुलिस का रौब मत दिखाओ” और गाली-गलौज करते हुए कार की चाबी निकालकर दूर फेंक दी। करण ने तुरंत बाइक की फोटो ली और थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करण ग्रामीण आईजी अनुराग सिंह के यहां एमटी शाखा में पदस्थ हैं और ड्यूटी के लिए निकले थे। पुलिस ने घटना की जांच कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



## पीडब्ल्यूडी को 2 करोड़ से अधिक बकाया संपत्तिकर का नोटिस



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

नगर निगम राजस्व विभाग ने पलासिया स्थित पी.डब्ल्यू.डी. (लोक निर्माण विभाग) के आवासों एवं कार्यालयों पर 2 करोड़ 3 लाख 59 हजार 150 रुपए का संपत्तिकर बकाया होने का नोटिस थमाया है। नगर निगम झोन 10 की टीम ने मुख्य कार्यपालन यंत्री पी.डब्ल्यू.डी. को सभी संपत्तियों की सूची संलग्न कर बकाया संपत्तिकर जमा करने का नोटिस सौंपा।

चेकिंग अभियान : नियम नहीं मानने वालों की खैर नहीं

# बिना अनुमति विज्ञापन, फ्लिपकार्ट पर लगाई 37 लाख की पेनल्टी

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर




निगम स्वामित्व के यूनीपोल पर बगैर अनुमति विज्ञापन करने पर फ्लिपकार्ट कंपनी पर 37 लाख की पेनल्टी लगाई गई है। नगर निगम ने मप्र आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम का उल्लंघन करने पर यह कार्रवाई की है। प्रभारी अपर आयुक्त लता अग्रवाल ने बताया कि राजकुमार ब्रिज पर फ्लिपकार्ट ने यूनीपोल पर बगैर निगम अनुमति के विज्ञापन का फ्लेक्स बोर्ड लगा दिया। इसकी साइज 288 वर्गफीट है। इस पर नगर निगम ने नियमानुसार 3 साल यानी 1095 दिन की न्यूनतम समय के लिये 10 रु. प्रति वर्गफीट के हिसाब से 31.53 लाख और 18 प्रतिशत जीएसटी की राशि 5.68 लाख (कुल 37 लाख) रुपए का जुर्माना लगाया।

## होटल गोल्डन लीव्स पर 2 लाख की पेनल्टी सीवरेज का पानी छोड़ा था खुले मैदान में



**राजीव टाइम्स ▪ इंदौर।** आयुक्त के निर्देश पर बायपास स्थित होटल गोल्डन लीव्स पर दो लाख की सख्त चालानी कार्यवाही की गई। होटल द्वारा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित करे बगैर सीवरेज का दूषित जल खुले मैदान में छोड़ा जा रहा था भूमिगत जल प्रदूषित हो रहा था और आसपास की कालोनियों के रहवासियों के बोरिंग मै भी दूषित पानी की समस्या उत्पन्न हो रही थी जिसकी स्थिति संज्ञान में आने पर आयुक्त श्री वर्मा द्वारा सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। कार्रवाई मे जोन 22 झोनल/भवन अधिकारी शिवराज सिंह यादव,भवन निरीक्षक हिमांशु ताम्रकार,सहायक सीएसआई पीयूष सेंगर,सहायक राजस्व अधिकारी अबीर रेवाल, उपयंत्री अनिरूद्ध बनसोडे,सहायक कमल दुबे,दरोगा अर्जुन एवं अन्य उपस्थित थे

## तीन स्कूली वाहन चल रहे थे अवैध, एक लाख पचास हजार का फाइन ठोका



**राजीव टाइम्स ▪ इंदौर।** कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर स्कूली तथा अन्य वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ने वाहनों की विशेष चेकिंग की। इसमें लापरवाही पाये जाने पर 3 वाहन संचालकों के विरूद्ध एक लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की गई। इस दौरान शहर के महू क्षेत्र स्थित जयसन्स एकेडमी की तीन स्कूली बस बिना परमिट तथा बिना फिटनेस पायी गई जिन्हें जब्त कर आरटीओ ऑफिस इंदौर में रखा गया। जब्त बसों के संचालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम तथा मप्र मोटरयान कराधान अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई कर एक लाख 50 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

कांग्रेस नेता बोले- मां अहिल्या की नगरी के संस्कार और संस्कृति का हो रहा हनन

# यशवंत क्लब में हंगामा : पूर्व सहसचिव के बेटे ने जमकर की गाली-गलौज

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

यशवंत क्लब की सदस्यता विवाद को लेकर लगातार खुलासे के बाद क्लब की मैनेजिंग कमेटी घेरे में हैं। उधर अब क्लब में एक नया विवाद हो गया है। पम्मी छाबड़ा की पैनल से चुनाव लड़े और जीते पूर्व सहसचिव के बेटे सिद्धार्थ सेठ ने जमकर गाली-गलौज की। मामले में सिद्धार्थ को 7 दिन के लिए सस्पेंड किया गया। दूसरी ओर क्लब की सदस्यता मामले में शिकायत करने वाले सदस्यों को 30 से 120 दिन तक सस्पेंड करने की बात कही जा रही है।

मामले का वीडिओ वायरल हो रहा है, जिसमें सिद्धार्थ रेस्त्रां, कार्ड रूम व अन्य जगहों पर स्टाफ के साथ किसी बात को लेकर जमकर विवाद करता नजर आ रहा है। इस समय यहां क्लब सदस्य परिवार के साथ भोजन कर रहे थे, जिसमें उन्होंने जमकर गालियां दी और स्टाफ के साथ झूमाझटकी की और मारने की धमकी दी। यह भी कहा कि पूछ लेना टोनी अंकल (चेयरमैन) और पम्मी अंकल (पूर्व चेयरमैन) से मैं कौन हूं। इस घटना को लेकर कांग्रेस नेता राकेश यादव ने भी कहा कि यशवंत क्लब अश्लील शब्दावली के प्रयोग करने वालों का अड्डा बन गया हैं।

**सात दिन की दिखावटी कार्रवाई** – इस तरह की अभद्रता में क्लब सामान्य तौर पर 30 से लेकर 120 दिन के लिए बाहर करता है, लेकिन इस मामले में केवल सात दिन की दिखावटी कार्रवाई करते हुए मामले को ठंडा कर दिया।

**अब इधर यह करने में जुटे सचिव** – उधर क्लब की सदस्यता मामले को लेकर सात सदस्यों के हस्ताक्षर से कलेक्टर आशीष सिंह को शिकायत हुई थी, जिसकी जांच भी कलेक्टर ने कराई थी। इसमें से पांच सदस्यों ने शिकायत वापस ले ली। वहीं गिरीश और



रणधीर द्वारा शिकायत पर हस्ताक्षर होने को लेकर कुछ दिन बाद सचिव को पत्र सौंपा, लेकिन क्योंकि यह दूसरी पैनल से जुड़े हैं तो सचिव गोरानी ने यह जवाब लेने से ही इंकार कर दिया और इनके खिलाफ अनुशासन कमेटी बैठा दी, जिसमें सोमवार को पेश होने के लिए दोनों को कहा है। बताया जा रहा है कि इन्हें 30 से 120 दिन तक सस्पेंड कर दूसरे गुट को चेतावनी देने की कोशिश हो रही है।

**कलेक्टर को पता चला तो लगाई फटकार** – जानकारी यह भी है की कलेक्टर आशीष सिंह को जब जानकारी लगी कि शिकायत करने वालों के साथ यह हो रहा है। इस पर उन्होंने सचिव संजय गोरानी को फोन किया और जमकर फटकार लगाई। गोरानी ने इस पर सफाई दी कि यह अनुशासन कमेटी देखती है, हमारा इसमें कोई रोल नहीं रहता है। इस पर सिंह संतुष्ट नहीं हुए और कहा कि यह सभी व्यर्थ की बात है, कमेटी ही है, कोई कोर्ट तो नहीं है। क्लब में यदि कुछ हो रहा है और कोई शिकायत करना चाहता है तो इसकी जांच होती है तो इसमें गलत क्या है। इस तरह की परंपरा क्यों डाली जा रही है कि किसी ने कलेक्टर को शिकायत की तो उसे अलग तरह से लेकर उस पर एक्शन लिया जा रहा है। यह ठीक नहीं है। यदि इस तरह क्लब में कुछ गलत होता है तो मैं नियमों के अनुसार कार्रवाई करूंगा। गोरानी ने मामले को देखने की बात तो कलेक्टर से कही थी, लेकिन इसमें फिर क्लब ने गुरुवार को दोनों सदस्यों को फोन कर अनुशासन कमेटी के सामने सोमवार को पेश होने की सूचना दे दी।

### कलेक्टर से रिसीवर नियुक्त करने की मांग

दूसरी ओर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव राकेश सिंह यादव ने कलेक्टर को पत्र लिखकर मांग की है कि यशवंत क्लब का वातावरण स्वच्छ करने के लिए शुद्धिकरण अभियान के माध्यम से निगम का टैक्स चोरी करने वाले अध्यक्ष और सचिव को अविलंब हटाया जाए तथा तत्काल प्रभाव से क्लब में रिसीवर नियुक्त हो। पत्र के साथ संलग्न वीडियो यह साबित करता हैं कि महिलाओं के सामने गाली-गलौज के संस्कार क्लब के अध्यक्ष और सचिव के अनैतिक कार्यों का नतीजा है। यादव का कहना है कि यशवंत क्लब के कारनामों से इंदौर के संस्कार और संस्कृति का हनन हो रहा हैं। ग़ैरज़िम्मेदार अध्यक्ष और सचिव के कारण क्लब में गाली-गलौज का वीडियो बता रहा है कि ये क्लब अश्लील शब्दावली का प्रयोग करने वालों का अड्डा बन गया हैं। मां अहिल्या की नगरी में यशवंत क्लब का नाम बदनाम होना निश्चित ही पीड़ा दायक हैं। क्लब को कथित कुलीनों से आज़ाद कराकर तत्काल आबकारी विभाग को निर्देश देकर बार एंड रेस्टोरेंट का लाइसेंस निरस्त किया जाए।

आक्रोश

सरकार पर मामला दबाने और आरोपियों को बचाने का आरोप, ऐसे में कैसे करें काम

# डॉक्टरों ने प्रदर्शन कर दवाएं भी जलाई बोले- इसी से जा रही मरीजों की जान

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

सरकारी डॉक्टर्स ने बड़ा खुलासा किया है। शहर में आयोजित विरोध प्रदर्शन में कई संगठनों के डॉक्टर्स ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में अमानक स्तर की दवाएं भेजी जा रही हैं, जिससे कई मरीजों की जान चली गई। मरीजों की मौत पर परिजन डॉक्टरों से मारपीट भी की। डॉक्टरों को जब शक हुआ तो उन्होंने इसकी शिकायत की और बाद में इस मामले की जांच भी हुई। जांच के बाद इस पूरे मामले को दबाकर आरोपियों को बचा लिया गया।

डॉक्टरों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रतीकात्मक रूप से दवाओं को भी जलाया। विरोध प्रदर्शन में पहुंचे डॉक्टरों ने कहा कि अमानक दवाओं के मामले में कई कंपनियों के नाम सामने आए, लेकिन सरकार ने इन कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज क्यों नहीं करवाई। डॉ. राहुल रोकड़े और डॉ. अशोक ठाकुर ने कहा कि मरीजों की मौत पर परिजन डॉक्टरों से मारपीट करते हैं। हम कब तक ये सब सहन करते



रहेंगे? इतना बड़ा घोटाला हुआ और किसी पर भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। उन्होंने कहा कि सरकार न तो डॉक्टरों को सुरक्षा दे रही है और न ही व्यवस्था में सुधार कर रही है। यदि इसी तरह से चलता रहा तो डॉक्टरों के लिए काम करना मुश्किल हो जाएगा।

**सरकारी नौकरी नहीं करना चाहते** – विरोध प्रदर्शन में आए डॉक्टरों ने कहा कि आज के युवा डॉक्टर सरकारी नौकरी नहीं करना चाहते। वे पढ़-लिखकर सीधे विदेश चले जाते हैं। देश की स्वास्थ्य सेवाएं कमजोर होती जा रही हैं और सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। यदि यही हालात रहे तो आने वाले समय में गरीब लोगों को इलाज मिलना भी मुश्किल हो जाएगा।

**आयुष्मान के चलते सरकारी अस्पताल होंगे बंद** – डॉक्टरों ने कहा कि आयुष्मान योजना में मरीजों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं और प्राइवेट अस्पतालों को इलाज का भुगतान नहीं किया जा रहा है। सरकारी अस्पताल में मरीज के आने के बाद उसे हर तरह का इलाज तुरंत मिल जाता है, लेकिन सरकार आयुष्मान के नाम पर सरकारी अस्पतालों को बंद करने की सोच रही है, जो पूरी तरह से असफल योजना साबित होगी। इससे देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी।

# रियल लाइफ की मर्यादाओं को रील लाइफ में तार-तार होने से बचाएं

### अभ्यास मंडल के युवा संवाद कार्यक्रम में आह्वान



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

अभ्यास मंडल द्वारा इंदौर प्रेस क्लब परिसर में रियल लाइफ बनाम रील लाइफ पर युवा संवाद का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न महाविद्यालयों से आए युवाओं ने कहा कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया का प्रभाव जीवन के हर पहलू में दिखाई देता है। खासकर युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर पड़ रहा है। रील लाइफ और रियल लाइफ की तुलना से युवा अपने आत्मसम्मान और मानसिक संतुलन को खोने लगे हैं।

भवानी शर्मा ने कहा कि 30 सेकंड की रील को वास्तविक न समझें। ग्रीष्मा त्रिवेदी ने कहा कि आज का युवा घिनौनी और भयावह रील के साए में अपना जीवन बिता रहा है। वहीं सौम्या कुंभज ने कहा कि सोशल मीडिया में झूठी खुशियां दिखाई जाती हैं, जो वास्तविक नहीं होतीं। आदित्य सिंह सेंगर ने कहा कि आज कुछ लाईक शेयर के चक्कर में सामाजिक मर्यादाएं तार-तार हो रही हैं। कार्यक्रम में प्रेरणा जैन, मयंक शर्मा, मिलन सिंह सिसोदिया, कृष्ण अग्निहोत्री, आयुष बिजोनिया, आकाश यादव, धनेश धनगर, फिजा खान, आकाश जुम्बे, नयनी शुक्ला, अंजेश सिंह तोमर, पंकज भट्ट आदि ने भी विचार रखे। अंत मे शिक्षाविद डॉ.एस.एल गर्ग, डॉ.ओ.पी जोशी, स्वप्निल व्यास ने भी संबोधित किया। सवर्प्रथम अभ्यास मंडल का परिचय डॉ. पल्लवी आढाव ने दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ.माला सिंह ठाकुर ने रखी। कार्यक्रम का संचालन मयंक शर्मा ने किया। आभार कुणाल भंवर ने माना। कार्यक्रम में अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, अशोक कोठरी, नेताजी मोहिते, शफी शेख, मुरली खंडेलवाल, वैशाली खरे आदि भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# वकीलों में सरकार के खिलाफ बढ़ रहा गुस्सा, सांकेतिक हड़ताल की

**इंदौर**। प्रस्तावित वकील संशोधन विधेयक 2025 में किए जाने वाले परिवर्तनों के विरोध में जिला कोर्ट बार एसोसिएशन के वकीलों ने शुक्रवार को एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की। इंदौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल बिरथरे ने बताया कि विधेयक में प्रस्तावित संशोधन वकीलों के हितों को नुकसान पहुंचाएंगे। इस विधेयक में अधिवक्ताओं को अदालतों के कामकाज का बहिष्कार करने या उससे दूर रहने से रोकने का प्रावधान किया गया है। हड़ताल का आयोजन जिला बार एसोसिएशन की समन्वय समिति ने किया, जो केंद्रीय कानून मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत इस विधेयक का विरोध कर रही है। वकीलों का कहना है कि इस विधेयक के माध्यम से उनके संवैधानिक अधिकारों को सीमित किया जा रहा है। इस बिल के प्रस्तावित संशोधनों में वकीलों की स्वतंत्रता और संगठन के अधिकारों को कम करने की कोशिश की जा रही है। अधिवक्ताओं का मानना है कि इस एक्ट में किए जाने वाले संशोधन उनके अधिकारों को दबाने का एक प्रयास हैं। इस विरोध में न केवल इंदौर बल्कि पूरे भारत के वकील एकजुट हो गए हैं।

### इसलिए कर रहे विरोध

बिल में प्रावधान किया गया है कि विदेशी अधिवक्ता और विदेशी फर्म भारत में पैरवी कर सकेंगे। इसके अलावा कॉर्पोरेट में नौकरी करने वाले विधि स्नातकों को भी पैरवी की अनुमति मिलेगी। बार कौंसिल ऑफ इंडिया और राज्य अधिवक्ता परिषद में निर्वाचित सदस्यों के अलावा तीन शासकीय सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी। अभिभाषकों के विरुद्ध उपभोक्ता आयोग में सेवा में कमी को लेकर परिवाद दायर किया जा सकेगा। अधिवक्ता किसी भी स्थिति में कार्य से विरत नहीं रह सकेंगे। न्यायालय में वकील द्वारा अभद्र व्यवहार करने पर जुर्माना और सनद निलंबित की जा सकेगी।

**हड़ताल भी प्रतिबंधित हो जाएगी** – इस विधेयक में सबसे विवादास्पद धारा 35A है, जिसके तहत यह कहा गया है कि कोई भी अधिवक्ता संघ या उसका कोई सदस्य, व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से, अदालत के कार्य का बहिष्कार करने या उससे दूर रहने का आह्वान नहीं कर सकता। साथ ही, अदालत के कामकाज में बाधा डालने या अदालत परिसर में कोई अवरोध उत्पन्न करने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रावधान के तहत वकीलों की हड़ताल और बहिष्कार को पूरी तरह प्रतिबंधित किया जा रहा है, जबकि यह पारंपरिक रूप से उनकी मांगों को उठाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम रहा है।

**और तेज होगा विरोध प्रदर्शन** – वकीलों ने इस विधेयक का कड़ा विरोध किया है। इस प्रस्तावित बिल के खिलाफ विरोध जताते हुए वकीलों ने कहा कि यह बार की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करता है। वकीलों का कहना है कि यदि केंद्र सरकार इस विधेयक को लेकर उनके संगठनों से संवाद नहीं करती है और उन्हें विश्वास में नहीं लेती है, तो यह आंदोलन और तेज हो सकता है।

# इंदौर-उज्जैन ट्रेनों के फेरे बढाएं

**इंदौर**। रेलवे सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा ने इंदौर-उज्जैन की दोनों ट्रेनों के फेरे बढ़ाये जाने के लिए सांसद शंकर लालवानी के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री को आग्रह पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह 8:20 बजे ट्रेन नंबर 69212 इंदौर -उज्जैन- फतेहाबाद होकर चल रही है ।वहीं दूसरी ट्रेन सुबह 11:10 बजे ट्रेन संख्या 69214 इंदौर से उज्जैन,फतेहाबाद,पालिया मार्ग पर चल रही है । दोनों ट्रेनों के फेरे बढ़ाने से चंद्रावतीगंज,अजनोद एवं पालिया स्टेशनों के बीमार, वृद्ध जन, नौकरी पेशा एवं छात्र डेली अप डाउनर को सुविधा मिलेगी क्योंकि यह दोनों ट्रेने काफी समय तक इंदौर में खड़ी रहती है इन ट्रेनों को डॉ. अंबेडकर नगर( महू )तक बढ़ने से यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेलवे प्रशासन ट्रेनों को डॉक्टर अंबेडकर नगर(महू) तक नहीं चला सकता तो इंदौर उज्जैन ट्रेनों को फतेहाबाद रेलवे स्टेशन तक चलाया जा सकता है।

कुर्सी को लेकर विवाद भी थमा

## डॉ. अरविंद घनघोरिया ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज का डीन पद संभाला

**इंदौर**। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन पद पर डॉ. अरविंद घनघोरिया की नियुक्ति हो गई है। आदेश आते ही उन्होंने ताबड़तोड़ पदभार भी ग्रहण कर लिया। वे पहले नीमच में थे और घोषणा के बाद उन्होंने नई जिम्मेदारी लेने में देर नहीं लगाई। दरअसल डीन पद का मामला कोर्ट तक भी पहुंचा था। पहले इस पद पर डॉ. संजय दीक्षित थे। वे लंबे समय तक डीन रहे। वे नवंबर में सेवानिवृत्त हो चुके थे। उनके कार्यकाल में पुराने मेडिकल कॉलेज में ही भुतहा पार्टी बड़ी चर्चा में आई थी। डॉ. दीक्षित के बाद शासन ने डॉ. अशोक यादव को प्रभारी डीन बनाया था, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के बाद डॉ. वीपी पांडे डीन बने। इसे लेकर चर्चा भी रही थी। डॉ. पांडे यादव से वरिष्ठ हैं। इस कारण कोर्ट ने उनके पक्ष में आदेश दिया था। कुछ दिनों बाद वे छुट्टी पर चले गए थे। गुरुवार रात शासन ने जैसे ही डीन पद के लिए डॉ. अरविंद घनघोरिया का नाम घोषित किया। उन्होंने दूसरे दिन सुबह पदभार ग्रहण कर लिया। डॉ. घनघोरिया पहले भी इंदौर मेडिकल कॉलेज में लंबे समय तक रह चुके हैं। वे फिलहाल नीमच मेडिकल कॉलेज के डीन थे। सुबह उन्होंने पदभार ग्रहण किया तो मेडिकल कॉलेज का स्टॉफ भी उनसे मिलने पहुंचा। गुलदस्ता देकर उन्होंने नए डीन का स्वागत किया।



# 5वीं-8वीं की परीक्षा 24 से आखिरी पेपर 5 मार्च को

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश में 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। प्रदेश की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त आशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में वार्षिक परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होंगी। सत्र 2024-25 की यह परीक्षाएँ 5 मार्च को समाप्त होंगी। परीक्षा की व्यवस्था को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। 5वीं की वार्षिक परीक्षा का पहला प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को होगा और अंतिम प्रश्न-पत्र 1 मार्च 2025 को होगा। प्रश्न-पत्र निर्धारित समय-सारणी के अनुसार दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक होगा। 8वीं की वार्षिक परीक्षा का प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को और अंतिम प्रश्न-पत्र 5 मार्च 2025 को होगा। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य शिक्षा केन्द्र ने परीक्षा के आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों में कहा गया है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार निःशक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जाये। परीक्षा की समय-सारणी की जानकारी शालाओं को भी भेजी गयी है।

संगठन महामंत्री हितानंद बैठक में बोले- केंद्र-राज्य सरकार ने गरीबों का जीवन बदला

# अटलजी के जन्म शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

शुक्रवार को इंदौर भाजपा कार्यालय में प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने संगठनात्मक बैठक को संबोधित किया। शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर होने जा रहे कार्यक्रम को मंडल स्तर तक पूर्ण निष्ठा के साथ आयोजित करना है। साथ ही 23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सुना जाना है।

शर्मा ने बैठक में आजीवन सहयोग निधि को लेकर पार्टी पदाधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर होने जा रहे कार्यक्रम को



मंडल स्तर तक आयोजित कर सभी को अटल जी के विचारों को आत्मसात कराना है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दिखाए मार्ग पर चलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में हर गरीब का जीवन बदलने का काम हमारी सरकार कर रही है। हितानंद ने कहा कि अटल सरकार ने अलग से जनजातीय कार्य मंत्रालय बनाया था। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं नदी जोड़ों योजना जैसी अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं देकर आम जन के विकास को आगे बढ़ाने का काम किया था। अटल ने परमाणु परीक्षण कर भारत को शक्तिशाली राष्ट्र की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। अब कोई भी दुश्मन देश भारत की तरफ आंख उठाकर भी नहीं देख सकता है। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता कृष्णमुरारी मोघे, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक रमेश मेंदोला, मालिनी गौड़, महेंद्र हार्डिया, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम अध्यक्ष सावन सोनकर, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, गोपी कृष्ण नेमा, पूर्व महापौर उमाशशि शर्मा, पूर्व युवा आयोग के अध्यक्ष निशांत खरे, अंजू मखीजा, नगर महामंत्री सविता अखंड, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू, सुधीर कोल्हे, प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा, आलोक दुबे सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

सेवानिवृत्ति पर शीघ्र मिल सकेगा पेमेंट

# जीपीएफ के अंतिम भुगतान की प्रक्रिया अब ऑनलाइन

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

शासकीय सेवकों के सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान की वर्तमान व्यवस्था के स्थान पर जीपीएफ के अंतिम भुगतान की नवीन ऑनलाईन व्यवस्था प्रदेश में लागू की गई है। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार नवीन व्यवस्था की जानकारी देने के लिये ई-दक्ष केन्द्र सेटेलाईट भवन में जिले के सभी शासकीय कार्यालयों के आहरण संवितरण अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कोषालय कार्यालय के प्रोग्रामर मनीष दुबे ने जीपीएफ के अंतिम भुगतान की ऑनलाईन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ





कोषालय अधिकारी मोनिका कटारे, सहायक कोषालय अधिकारी मनोज वर्मा एवं विभिन्न शासकीय कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। प्रशिक्षण में प्रोग्रामर मनीष दुबे ने बताया कि कार्यालय आयुक्त कोष एवं लेखा के निर्देशानुसार आईएफएमआईएस साफ्टवेयर पर सामान्य भविष्य निधि के अंतिम रूप से भुगतान हेतु नवीन व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था आज से ही प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अब तक जीपीएफ के अंतिम भुगतान की स्वीकृति एवं प्राधिकार पत्र जारी करने के लिये महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर को भौतिक रूप से प्रकरण तैयार कर भेजना होता था, अब हार्डकापी भेजने की आवश्यकता नहीं है। सेवानिवृत्ति के चार माह पूर्व जीपीएफ कटौत्रा बंद होते ही आईएफएमआईएस में जीपीएफ फाइनल पैमेंट का ऑप्शन इनेबल हो जायेगा। आईएफएमआईएस में जीपीएफ पासबुक, जीपीएफ स्लीप आदि आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड कर प्रकरण ऑनलाईन सब्मिट करना होगा। प्रकरण ऑनलाईन महालेखाकार कार्यालय के पास चला जायेगा। महालेखाकार कार्यालय द्वारा ऑनलाईन ही प्रकरण की जाँच की जाकर प्राधिकार पत्र जारी कर दिया जायेगा, जो कि ऑनलाईन ही संबंधित कार्यालय के डीडीओ को प्रदर्शित होने लगेगा। जिसके बाद अन्य क्लेमों की तरह जीपीएफ के क्लेम का भी भुगतान किया जा सकेगा। इस नवीन व्यवस्था से शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति पर शीघ्र ही जीपीएफ राशि का फाइनल पैमेंट प्राप्त हो सकेगा।

**संपादकीय**

## महाकुंभ में छिपे संदेश

महाकुंभ में 70 से ज्यादा देशों के करोड़ों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह संख्या 50 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। यह अमेरिका और कनाडा की कुल जनसंख्या से ज्यादा है तथा अभी शिवरात्रि का स्नान शेष है। विश्व में इतना बड़ा सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजन कभी नहीं हुआ। इसके आयोजन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो समर्पण दिखाया और प्रशासनिक तंत्र, पुलिस, अर्धसैनिक बलों तथा गैर-सरकारी संगठनों के स्वयंसेवकों ने जो मेहनत की, उसकी प्रशंसा होनी चाहिए। ऐसे बड़े आयोजनों में कुछ न कुछ कमियां रह जाती हैं। कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं भी हुई हैं। उनकी जांच जारी है, लेकिन राजनीतिक दलों को अवांछनीय टिप्पणियों से बचना चाहिए। ऐसा करने से आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों-कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है। महाकुंभ से विपक्ष के वे नैरेटिव भी खारिज हो गए, जो लोकसभा चुनाव में गेम चेंजर बने थे। दिल्ली विधानसभा तथा उत्तर प्रदेश में मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के नतीजे इसके उदाहरण रहे। ये दोनों चुनाव महत्वपूर्ण थे, क्योंकि दिल्ली में भाजपा 27 वर्षों से सत्ता से बाहर थी और मिल्कीपुर अयोध्या से लगे फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आता है। दोनों जगह भाजपा की जीत हुई। मिल्कीपुर की जनता ने सपा-कांग्रेस का वह विमर्श खारिज कर दिया कि अयोध्या के राजा रामलला नहीं, सपा के मौजूदा सांसद अवधेश प्रसाद हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्ली में आप के लिए प्रचार किया, मगर 'भाजपा संविधान बदल देगी' और 'पिछड़ों दलितों का आरक्षण खत्म कर देगी' वाला नैरेटिव यहां नहीं चला। इसी नैरेटिव से सपा ने उत्तर प्रदेश में भाजपा को लोकसभा चुनावों में हराया था। मिल्कीपुर उपचुनाव में भी जनता ने अखिलेश का यह नैरेटिव और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का मिथक तोड़ दिया। यह आश्चर्यजनक था, क्योंकि मिल्कीपुर में 1993 के बाद भाजपा कभी नहीं जीती। इसमें 2017 जरूर एक अपवाद था। मिल्कीपुर में 55 हजार यादव, सवा लाख दलित और 30 हजार मुस्लिम हैं। इन्हीं वर्गों को 'पीडीए' की आधारशिला बताया जा रहा था। भाजपा ने यहां 60.17 प्रतिशत वोट पाकर 'पीडीए' पर इतराने वाली सपा को हराया। दोनों जगह भाजपा ने पिछड़ों-दलितों के मन में संविधान और आरक्षण पर भ्रामक भय दूर कर उनका विश्वास जीता। यह भाजपा की समावेशी राजनीति का सशक्त संकेत है। महाकुंभ के सफल आयोजन में देश-विदेश से पधारे असंख्य श्रद्धालुओं, अखाड़ों, महामंडलेश्वरों, संत-महात्माओं और आमजन ने जिस अनुशासन का परिचय दिया, वह दुर्लभ है। भले ही लोगों को महाकुंभ पहुंचने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन महाकुंभ परिसर में पहुंचकर लोगों को एक अलौकिक अनुभूति हुई। इस सफल आयोजन के कुछ संकेत हैं। एक, भारत में देशाटन और वैश्विक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। जैसे-जैसे देश में मध्यवर्ग और निम्न मध्यवर्ग में आर्थिक समृद्धि बढ़ रही है, लोगों में धार्मिक सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को देखने की ललक बढ़ रही है। पहले हम अपनी धार्मिक सांस्कृतिक धरोहरों की वैश्विक स्तर पर समुचित 'मार्केटिंग' नहीं कर सके थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह काम किया है। जिस तरह वह विदेश में प्रवासी भारतीयों और विदेशी पर्यटकों को भारत आने का आह्वान करते हैं, उससे देश को लाभ हुआ है। 2023-24 के दौरान भारत में 7 लाख 6 हजार विदेशी पर्यटक आए, जिनसे 19,266 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। 2025 में यह आंकड़ा यकीनन बढ़ेगा और इसमें महाकुंभ का बड़ा योगदान होगा। महाकुंभ में 50 करोड़ की संख्या पर यदि 10 हजार प्रति-व्यक्ति द्वारा औसत व्यय मानें तो इससे अर्थव्यवस्था में पांच लाख करोड़ का योगदान हुआ। इससे स्पष्ट है कि भारत के धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित कर उन्हें आर्थिक विकास के संवाहक के रूप में तराशा जा सकता है। भले ही महाकुंभ के दौरान भगदड़ की छिटपुट घटनाएं और जाम की समस्या दिखी, मगर जिस तत्परता से उसे नियंत्रित किया गया और स्नान प्रक्रिया को संपन्न कराया जा रहा है, वह एक प्रतिमान है। इससे हम वैश्विक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन हेतु तकनीकी, प्रशासनिक और प्रबंधकीय परामर्श उपलब्ध कराकर न केवल विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकते हैं, वरन विभिन्न देशों से संबंध भी प्रगाढ़ कर सकते हैं।

**सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्ली में आप के लिए प्रचार किया, मगर 'भाजपा संविधान बदल देगी' और 'पिछड़ों दलितों का आरक्षण खत्म कर देगी' वाला नैरेटिव यहां नहीं चला। इसी नैरेटिव से सपा ने उत्तर प्रदेश में भाजपा को लोकसभा चुनावों में हराया था। मिल्कीपुर उपचुनाव में भी जनता ने अखिलेश का यह नैरेटिव और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का मिथक तोड़ दिया।**



● संपादक

---

तांडव आरती के लिए विश्व प्रसिद्ध पं. विश्वजीत शर्मा का अनूठा कदम

# ज्योतिष कार्यालय का शुभारंभ किसी नेता या मंत्री से नहीं, पुंगनूर-कपिला गाय के सान्निध्य में हुआ!



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

परदेशीपुरा स्थित गेंदेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी और अपनी तांडव आरती की प्रस्तुतियों के लिए प्रख्यात पं. विश्वजीत शर्मा ने सुभाष नगर में अपने ज्योतिष कार्यालय का शुभारंभ किसी नेता, अभिनेता या मंत्री से कराने के बजाय कपिला गाय के सानिध्य में कराया।

समाजसेवी राजू अग्रवाल राधे-राधे ने बताया कि कपिला-पुंगनूर गाय में 33 कोटि देवताओं का वास माना गया है। इसी गाय के दूध से तिरुपति में बालाजी मंदिर एवं भगवान का अभिषेक होता है। पं. शर्मा की मान्यता है कि इस तरह की पहल सभी सनातनियों को करना चाहिए। परिवार में होने वाले सभी मांगलिक प्रसंगो में कपिला या पुंगनूर, किसी नस्ल भी गौ माता की मौजूदगी से हमारा अनुष्ठान एवं प्रयोजन ज्यादा सार्थक एवं फलीभूत होगा। उनके द्वारा स्थापित ज्योतिष कार्यालय में सनातन धर्म से जुड़ी सभी तरह की सेवाएं वास्तु महिमा, मुहूर्त, कर्मकांड जैसी समस्याओं पर जरूरतमंद लोगों का मार्गदर्शन होगा। इससे प्राप्त होने वाली धनराशि का उपयोग गौशाला के निर्माण, मृत गायों के विधि-विधान से अंतिम संस्कार एवं बुजुर्ग तथा बीमार गायों के उपचार में किया जाएगा। पं. शर्मा विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं, उन्हें तांडव आरती के लिए दादा साहब फालके गौरव अवार्ड भी मिल चुका है।

---

स्कूल पहुंची CISF टीम : संतुलित आहार की जानकारी भी दी

# नाटक के जरिए स्वच्छता का महत्व समझाया छात्रों को

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



इंदौर के अत्रि देवी शासकीय विद्यालय, सुदामा नगर में RRCAT की CISF यूनिट ने स्वच्छता पर एक हास्य नाटक का मंचन किया। CISF के रंजीत त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रस्तुत इस नाटक को विद्यार्थियों ने बड़ी रुचि से देखा।

कार्यक्रम में RRCAT की डॉ. भवानी ने छात्रों को स्वच्छता और संतुलित आहार का महत्व समझाया। उन्होंने सोशल मीडिया के अधिक उपयोग से होने वाली हानियों के बारे में भी जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं को सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में RRCAT के वैज्ञानिक आरके अग्रवाल, आशुतोष शर्मा, सुपर्णा पाल, अखिलेश त्रिपाठी, अलका और रवि पोरवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजया तोमर ने किया। स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी इंदौर शहर में इस तरह के कार्यक्रमों का विशेष महत्व है, क्योंकि यह साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करते हैं।

---

# मराठी गौरव दिवस पर 27 को विद्वानों का सम्मान

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

मुक्त संवाद साहित्यिक समिति इंदौर द्वारा मराठी भाषा गौरव दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 27 फरवरी को शाम 6:30 बजे मंगल सदन, लोकमान्य नगर, इंदौर में होगा।

कार्यक्रम में 'मराठी संगीत रंगभूमीची वाटचाल' का आयोजन किया गया है। इसमें इंदौर के प्रसिद्ध गायक पंडित गौतम काळे, विदुषी स्मिता दामले मोकाशी और विदुषी वैशाली बकोरे अजरामर नाट्यपदों की प्रस्तुति देंगी। राहुल बेने तबला और हर्षद शेवगावकर हारमोनियम पर संगत करेंगे। कार्यक्रम की संहिता ठाणे के प्रसिद्ध लेखक मकरंद जोशी ने लिखी है। वे ही कार्यक्रम का संचालन भी करेंगे। उद्योगपति संदीप नावलेकर मुख्य अतिथि होंगे। कालिदास अकादमी उज्जैन के संचालक डॉ. गोविंद गंधे कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के सर्वोच्च शिखर सम्मान से सम्मानित डॉ. गोविंद गंधे, प्रसिद्ध गायिका विदुषी कल्पना झोकरकर और प्रसिद्ध रंगकर्मी श्रीराम जोग को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, महाराष्ट्र राज्य बालनाट्य स्पर्धा में पुरस्कृत अनिरुद्ध किरकिरे, श्रुतिका जोग और हीमांक कुळकर्णी को भी सम्मानित किया जाएगा। प्रचार प्रसार प्रमुख कीर्तिश धामारीकर ने बताया कि यह दिन मराठी के प्रसिद्ध कवि कुसुमाग्रज का जन्मदिवस भी है। कार्यक्रम निःशुल्क और सभी के लिए खुला है। सभी संगीतप्रेमी और रसिक जनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।

---

# मातृभाषा दिवस पर स्कूली बच्चों ने जाना पंजाबी भाषा का इतिहास चार शिक्षकों का किया सम्मान




राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

इंदौर में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर पंजाबी भाषा को समर्पित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल और गुरु गोविंद सिंह स्टडी सर्कल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में कई स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया।

शिक्षाविद रविंद्र कौर कलसी ने कहा कि राष्ट्रभाषा के साथ मातृभाषा का ज्ञान भी जरूरी है। कार्यक्रम में पंजाबी भाषा की चार प्रतिष्ठित शिक्षिकाओं - देविंद्र कौर इशार, रविंदर कौर गिल, हरबंस कौर सलूजा और हरजीत कौर टुटेजा को सम्मानित किया गया। माता गुजरी पब्लिक स्कूल, गुरु नानक पब्लिक स्कूल और गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पंजाबी क्विज में भाग लिया। कई छात्रों ने पुरस्कार जीते। देविंद्र सिंह ने सभी को पंजाबी भाषा के प्रति सम्मान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राजेश शर्मा, रीना दुग्गल, डॉ. गुरविंदर सिंह गिल, मनप्रीत कौर, कुलवंत कौर और सुखप्रीत कौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रतनजीत सिंह शैरी ने किया। आभार हरमीत सिंह ने व्यक्त किया।

---

# जरूरतमंद युगल का विवाह कराएगी अग्रसेन महासभा

### सभी रस्में दिन की रोशनी में ही होंगी

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

अग्रसेन महासभा की मेजबानी में 23 फरवरी को बायपास स्थित मांगलिक भवन पर एकल विवाह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समाजबंधु राजेंद्र अग्रवाल के बेटे पवन का शुभ विवाह स्व. राकेश वाजपेई की बेटी रिद्धि के साथ दिन की रोशनी में होगा।

महासभा के अध्यक्ष सीए एस.एन. गोयल, महामंत्री ओमप्रकाश अग्रवाल कोल एवं संयोजक कैलाश नारायण बंसल ने बताया कि विवाह की सभी रस्में दोपहर 12 से 2 बजे के बीच मांगलिक भवन पर संपन्न होंगी। इसके पूर्व सुबह माता पूजन, गणेश पूजन एवं हल्दी आदि की रस्में दूल्हे-दुल्हन के परिवार में होंगी। आशीर्वाद समारोह में शहर के गणमान्य एवं विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। महासभा द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंद युगलों के एकल विवाह की योजना प्रारंभ की गई है। फिजूल खर्ची एवं अन्य कुरीतियों के उन्मूलन की दिशा में ऐसे आयोजन समाज को नया संदेश देंगे।

---

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मनोनयन पर मिठाई बांटी

### गोलू शुक्ला बोले- पीएम मोदी ने आम कार्यकर्ता को महत्वपूर्ण पद देने का सिलसिला शुरू किया

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



अग्रवाल संगठन नवलखा एवं संस्था अग्रमंच की ओर से अग्रसेन चौराहा स्थित पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दिल्ली में नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जिंदल के मनोनयन पर विधायक गोलू शुक्ला के आतिथ्य में मिठाई वितरण किया गया।

संगठन के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल पशुपति, संजय हाईवे, पिंकी गोयल, संदीप गोयल ऑटो, मनीषा बंसल, पीडी अग्रवाल, आशीष अग्रवाल एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने श्रीमती रेखा गुप्ता की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भाजपा जिंदाबाद, महाराजा अग्रसेन अमर रहे, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद जैसे नारे लगाते हुए आम लोगों का मुंह मीठा कराया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजेश बंसल, संजय बांकड़ा, आशीष पालदा, अंकित गोयल, दिनेश गोयल, सुनील मित्तल भी मौजूद थे। विधायक गोलू शुक्ला ने कहा कि भाजपा में आम कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने का जो सिलसिला प्रधानमंत्री मोदीजी ने शुरू किया है, वह भारतीय राजनीति में कार्यकर्ताओं की मेहनत, राजनीति में शुचिता और आम लोगों के स्वप्नों को पूरा करने की दिशा में सार्थक प्रयास है।

---

# जीजाबाई कन्या महाविद्यालय में साहित्यिक आयोजन ने समां बांधा

### हिंदी विभाग ने साहित्यकारों के चित्रों का अनावरण किया, शैक्षणिक व्याख्यान हुआ

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन हुआ। 20 फरवरी को हिंदी विभाग द्वारा साहित्यकारों के चित्रों का अनावरण और शैक्षणिक व्याख्यान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति के प्रचार मंत्री डॉ. हरेराम वाजपेयी रहे। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के साथ साहित्यकारों की लेखनी की वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा सोलंकी ने कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट किया। कार्यक्रम की शुरुआत साक्षी चौरसिया और प्रज्ञा चौरसिया द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। विशेष अतिथि डॉ. सुरेखा भारती ने योग के महत्व पर चर्चा की। शोधार्थी पूनम ब्राले और नीलेश चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. शर्मिला चौहान, डॉ. वारि जैन, डॉ. पिंकी कोठारे, डॉ. विजयता पंडित सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

---

इंदौर में महक रहे बंगाली व्यंजन

# विशेष फूड फेस्टिवल 27 तक चलेगा, बंगाल से आए दो विशेषज्ञ शेफ



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

इंदौर में बंगाली व्यंजनों का विशेष फूड फेस्टिवल शुरू हो गया है। 17 फरवरी से शुरू हुआ यह फेस्टिवल 27 फरवरी तक चलेगा। होटल ने बंगाल से दो विशेषज्ञ शेफ बुलाए हैं। ये शेफ बंगाल के पारंपरिक व्यंजनों को उनकी असली खुशबू और स्वाद के साथ तैयार करेंगे। जिस तरह इंदौर अपने स्वाद के लिए मशहूर है। इसी तरह बंगाल के व्यंजन भी अपनी विशिष्टता के लिए जाने जाते हैं। फेयरफील्ड बाय मैरियट होटल के मैनेजर शुभेंदु रॉय के अनुसार फेस्टिवल में शाकाहारी मेन्यू में 8 विशेष व्यंजन शामिल हैं। कोलकाता स्टाइल बिरयानी को खास तौर पर पेश किया जाएगा। मेहमान लाइव काउंटर पर अपनी पसंद के व्यंजनों को तैयार होते हुए देख सकते हैं। मिठाइयों में बंगाल की पारंपरिक मिठाइयां जैसे गुड़ का रसगुल्ला, गुड़ की खीर और मिष्टी दोई शामिल हैं। तीन विशेष स्टार्टर भी मेहमानों को बंगाल के असली स्वाद का अनुभव कराएंगे। यह फेस्टिवल इंदौरवासियों को बंगाल की समृद्ध खान-पान संस्कृति से रूबरू कराएगा।

---

सीताष्टमी पर शंकराचार्य मठ पर डॉ. गिरीशानंदजी महाराज के प्रवचन

# माता सीता से मिलती है धैर्य और परमात्मा के प्रति विश्वास की शिक्षा

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

उद्भव स्थिति संहार कारिणीं क्लेश हारिणीम्। सर्वश्रेयस्करीं सीतां नतोऽहं राम वल्लभाम् ।।...गोस्वामी तुलसीदासजी ने माता सीता की वंदना की। लोगों ने सोचा सीताजी को उत्पत्ति, पालन और प्रलय से जोड़ रहे हैं। क्योंकि ये तीनों काम तो ब्रह्मा, विष्णु महेश के हैं। तुलसीदासजी ने बड़ी विनम्रता से कहा इन तीनों काम करने वालों को शक्ति तो चाहिए, सीताजी शक्ति स्वरूपा हैं, और ये ही परमात्मा की शक्ति हैं। कहने का मतलब यह है कि परमात्मा की शक्ति का सहारा पाकर ही ब्रह्मा सृष्टि की उत्पत्ति करते हैं, भगवान विष्णु पालन करते हैं और भगवान रुद्र संहार करते हैं।

एरोड्रम क्षेत्र में दिलीप नगर नैनोद स्थित शंकराचार्य मठ इंदौर के अधिष्ठाता ब्रह्मचारी डॉ. गिरीशानंदजी महाराज ने सीताष्टमी यानी जानकी जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को अपने विशेष प्रवचन में यह बात कही।



महाराजश्री ने बताया- रामायण में लिखा है- हरिहि हरिता, बिधिहि बिधिता, सिवहि सिवता जो दई।... इन तीनों तो यह शक्ति किसने दी? जानकी जी ने, जो सभी क्लेशों को दूर करती हैं, वे भक्ति होकर क्लेश का हरण करती हैं। वे शक्ति होकर ब्रह्मा को उत्पत्ति, नारायण को पालन और शिव को प्रलय की शक्ति देती हैं। लक्ष्मीरूपा होकर श्रेयश प्रदान करती हैं और भगवान श्रीराम की प्राण वल्लभा हैं। इसलिए हम उनकी स्तुति करते हैं। सीताजी का संपूर्ण जीवन संघर्षमय रहा है, परंतु उनका आदर्श चरित्र संकटों के भरा व्यक्तित्व, इतना सशक्त था कि वे कभी भी अपने आदर्श से विमुख नहीं रहीं। उन्होंने हर कठिनाई का सामना संयम और साहस से लिया। फिर भी उनके चरित्र की परीक्षा ली गई। तभी तो वे आंच में तपकर अग्नि परीक्षा में सोने की तरह खरी उतरीं। माता सीता से हमें धैर्य, संस्कार और परमात्मा के प्रति अगाध विश्वास की शिक्षा मिलती है। वाल्मीकिजी ने तो यहां तक कहा है कि प्रभु राम से श्रेष्ठ सीताजी का चरित्र था। क्योंकि भगवान राम को तो रावण पर क्रोध आ गया था, पर लंका में जो राक्षसियां रावण के कहने पर उन्हें सता रही थीं, उनके ऊपर क्रोध नहीं आया। जब लंका जीतने के बाद हनुमानजी, श्रीराम की आज्ञा से सीताजी के पास गए तो उन्होंने कहा माता इन राक्षसियों ने आपको बहुत सताया है, मेरी इच्छा होती है कि इनका वध कर दूं। सीताजी ने कहा नहीं, इन्होंने अपने मन से नहीं सताया। ये तो रावण के अधीन हैं। यदि कोई दुष्ट है तो हमें भी दुष्ट नहीं बनना चाहिए। वन गमन में सीताजी ने रामजी से कहा- मैं भी आपके साथ वन में चलूंगी। मुझे आपके सान्निध्य में ही रहना है। जब रावण द्वारा उनका हरण हुआ तब भी उस कठिन परिस्थिति में उन्होंने न केवल अपनी रक्षा की वरन् श्रीराम जी को अपनी शक्ति और सामर्थ्य से साथ दिया। सीताजी त्याग और तपस्या की साक्षात मूर्ति थी। इसलिए वे एक आदर्श पत्नी ही नहीं, वरन आदर्श नारी भी थीं। जो उन्होंने दुनिया की नारियों का सिखाया। उन्होंने वाल्मीकि आश्रम में अपने बेटों लव कुश को आदर्श संस्कार भी दिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक जितेंद्र खंडेलवाल द्वारा दैनिक राजीव टाइम्स के लिए राजीव प्रिंटर्स, 7 गोराकुंड इंदौर से मुद्रित, प्रकाशित। मुख्य कार्यालय 26 प्रेस कॉम्प्लेक्स एवं सिटी ऑफिस 23, सेक्टर बी, सांवेर रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, इंदौर से संचालित।
प्रबंध संपादक : सुधीर खंडेलवाल। । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। रजि. नंबर आरएनआई/38105/81 पोस्टल रजि. आई./डी./सी./एम.पी./202 मोबाइल 7999999127।

# सीएम ने 89710 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए जारी किए 224 करोड़

**भोपाल ▪ एजेंसी**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि परिवार परंपरा में मां द्वारा अपने बच्चों को पुष्पित, पोषित करने में प्राप्त आनंद का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान करने से जो आनंद प्राप्त हो रहा है, वह वर्णनातीत है, यह जीवन भर याद रहने वाली अनुभूति है। जैसे परिवार में सदस्यों का सभी संसाधनों पर अधिकार होता है, उसी प्रकार राज्य सरकार के सभी संसाधनों पर समाज के कमजोर से कमजोर तबके का अधिकार है।

मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान करने से उनकी प्रतिभा निखरेगी, जिससे प्रदेश के उज्जवल भविष्य की संभावनाएं अधिक सशक्त होंगी। मुख्यमंत्री यादव प्रदेश के 89 हजार 710 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप लेने के लिए 224 करोड़ की राशि अंतरित करने के लिए प्रशासन अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिंगल क्लिक से विद्यार्थियों के खातों में राशि अंतरित की।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें उपलब्ध कराई जा रही 25-25 हजार रुपए राशि का उपयोग लैपटॉप क्रय में ही किया जाए। विद्यार्थी अपनी पसंद के अनुसार, अपनी इच्छानुसार स्थान से लैपटॉप लें और लैपटॉप खरीदने की रसीद अपनी शाला में आवश्यक रूप से जमा कराएं।

मुख्यमंत्री यादव ने दीप प्रज्ज्वलित तथा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री यादव को पौध भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

विद्यार्थियों में आगे बढ़ने के और नवाचार करने के लिए आत्मविश्वास विकसित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन करते हुए कहा कि यह सब उनकी सोच के परिणाम स्वरुप ही संभव हो रहा है।



मुख्यमंत्री यादव ने इसराइल का उदाहरण देते हुए कहा कि अपने आसपास विद्यमान चुनौतियों का सामना करने के लिए वर्तमान परिस्थितियों में अद्यतन तकनीक के साथ चलना आवश्यक है। अपने देश के हितों की सुरक्षा और जन-जन के कल्याण के लिए तकनीकी रूप से दक्ष होना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व का विशालतम और श्रेष्ठतम लोकतंत्र भारत है। यह लोकतांत्रिक गणतंत्र लंबे संघर्ष के परिणाम स्वरूप स्थापित हुआ है। पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, चंद्रशेखर आजाद, शहीदे आजम भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस का देश निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन यह बताता है कि मेधावी होने के साथ-साथ देशभक्त होना जरूरी है। नेताजी ने अपनी मेधा के बल पर भारतीय प्रतिभा की प्रावीणयता को संपूर्ण विश्व में स्थापित किया और भारतीयों का आत्मविश्वास बढ़ाया। विद्यार्थी अपनी मेधा, प्रतिभा के साथ-साथ देश के सामने विद्यमान चुनौतियां और देश की जरूरत का भी ध्यान रखें और देश भक्ति के साथ अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर हों।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के पांच गुणों को दर्शाने वाले श्लोक 'काक चेष्टा, बको ध्यानं, स्वान निद्रा तथैव च। अल्पहारी, गृहत्यागी विद्यार्थी पंच लक्ष्णं॥' का उल्लेख करते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा, लक्ष्य के प्रति ध्यान, सतर्कता, स्फूर्ति और मोह रहित रहते हुए अपने उद्देश्य के प्रति समर्पण जैसे गुण विद्यार्थियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित सभी व्यवसाय के लोगों में होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इसका आदर्श हैं, उनका अनुसरण करते हुए सभी, समय का सदुपयोग करें अपनी, अपने परिवार, समाज और देश की प्रगति के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने प्रतिभावान विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस क्रम में नरसिंहपुर की कुमारी गीता लोधी, भोपाल के प्रशांत राजपूत, मुरैना की कुमारी स्नेहा त्यागी, राजगढ़ के जयंत यादव, दमोह हटा की कुमारी मोनिका साहू, सिवनी की कुमार एलिहा नाज़, राजगढ़ की कुमारी ज्योति प्रजापति, भोपाल के श्री पुष्पेन्द्र राजपूत से संवाद किया। मुख्यमंत्री के साथ विद्यार्थियों ने समूह चित्र भी लिए।

### बस और ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत

# दो की दर्दनाक मौत, आधा दर्जन घायल

**मुरैना ▪ एजेंसी**

मुरैना में तेज रफ्तार बस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौत और छह घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुरैना जिले के सेमई गांव के पास तेज गति से आ रही बस ने सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली खेत में पलट गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। कुछ घायलों को कैलारस और कुछ को मुरैना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य में जुट गई। जानकारी के अनुसार, कुल्हौली गांव के कुशवाह समाज के लोग ट्रैक्टर ट्रॉली से कैलारस से सबलगढ़ जा रहे थे, तभी सबलगढ़ से कैलारस की ओर तेज गति से आ रही बस ने टक्कर मार दी।



**ग्रामीण व राहगीरों ने वाहनों में फंसे लोगों को निकाला**

बस व ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने भिडंत होने के बाद चीख पुकार मच गई। तुरंत रहवासी व राहगीर दौड़े और ट्रैक्टर-ट्रॉली में घायल हुए लोगों को वाहनों के बीच से निकाला और एम्बुलेंस के माध्यम से कैलारस अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर बस चालक की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसा बस की तेज गति के कारण हुआ। पुलिस घटना के विस्तृत जांच में जुटी है।

### ये हैं मृतक और घायल

एक्सीडेंट के दौरान सोनपाल (65) पुत्र बल्ला कुशवाह निवासी कुल्हौली, रघुवीर (40) पुत्र अंगद कुशवाह निवासी कुल्हौली की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल रामचरण पिता नेहने कुशवाह एवं भीकम कुशवाह (55), सुग्रीव (40) पिता सोनपाल कुशवाह (40), मुनेश गौड़ (18), प्रदीप (28) पिता जादौन सिंह पारा निवासी सिंघल बस्ती मुरैना को जिला अस्पताल मुरैना रैफर किया गया है। इसके अलावा अंजू (45) पिता अजय शर्मा निवासी आंतरी, चांदनी (18) पति मुनेश गौड़ निवासी बाला की तोर, विक्रम कुशवाहा, बाबूलाल (50) पिता भैरू कुशवाहा घायल हुए हैं।

# शिक्षकों को सातवें वेतनमान के एरियर भुगतान का आदेश, 5वीं किश्त जल्द

**ग्वालियर ▪ एजेंसी**

संचालनालय लोक शिक्षण ने सभी शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग के एरियर की किश्त का भुगतान करने के आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि जल्द से जल्द किश्त का भुगतान शीघ्र कर दिया जाए, अन्यथा संबंधित अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**पांच किश्तों में एरियर देने के निर्देश** : यह आदेश सभी संयुक्त संचालकों, जिला शिक्षा अधिकारियों व सभी आहरण संवितरण अधिकारियों के लिए जारी किया गया है। शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग के एरियर की राशि को पांच किश्तों में देने के आदेश हुए थे।

शिक्षकों को 2023-24 की किश्त दी जा चुकी है। अब केवल 2024-25 में पांचवी यानि अंतिम किश्त जारी होनी है। इसके लिए लोक शिक्षण ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।



### यह है आदेश

आदेश में कहा गया है कि सभी पात्र शिक्षकों को शत प्रतिशत एयरियर राशि के भुगतान के पत्रक 23 फरवरी तक मंगवा लें और उनका भुगतान करना सुनिश्चित करें। यदि किसी शिक्षक की और भी किश्तें बाकी हैं, तो उनका भुगतान भी करना सुनिश्चित किया जाए।

**निजी स्कूलों को मान्यता नवीनीकरण आवेदन के लिए एक और मौका** : राज्य शिक्षा केंद्र ने निजी स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण के लिए आवेदन करने के लिए दूसरी बार तिथि को फिर से बढ़ा दिया है। अब निजी स्कूल संचालक 25 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन विलंब सहित भर सकते हैं। इसके बाद अब स्कूल मान्यता के लिए तिथि नहीं बढ़ाने के संकेत भी राज्य शिक्षा केंद्र ने दिए हैं।

### 20 फीसदी स्कूल नहीं कर पाए आवेदन

ग्वालियर जिले के 20 फीसदी के करीब स्कूल मान्यता के लिए आवेदन नहीं कर पाए थे। ऐसे में इन स्कूलों को एक बार फिर से मौका मिला है। हालांकि ये स्कूल संचालक मान्यता के नए नियमों की वजह से आवेदन नहीं कर पाए थे।

**किरायानामा न होने से हुआ पेंडिंग** : इस बार राज्य शिक्षा केंद्र ने निजी स्कूलों के लिए मान्यता नवीनीकरण के लिए नई शर्तें व नियम तय किए थे। इनमें सभी नियमों में रजिस्ट्रर्ड किरायानामा लगाने की शर्त को निजी स्कूल संचालक पालन नहीं कर पा रहे हैं।

## रतलाम-बांसवाड़ा हाइवे पर ट्रॉला पलटकर खाई में गिरा, तीन की मौत

**रतलाम/सरवन ▪ एजेंसी**

बांसवाड़ा-रतलाम हाईवे पर सरवन से करीब छह किलोमीटर दूर ग्राम आंबापाड़ा टर्न पर ट्रॉला अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर पलटता हुआ करीब 20 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस भीषण हादसे में ट्रॉला के परखच्चे उड़ गए तथा उसमें सवार तीन व्यक्तियों की मौत गई। वहीं एक युवक घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार ट्रॉला (एमएच-18/बीजी-4066) रतलाम से मक्का लेकर बांसवाड़ा की तरफ जा रहा था। तभी शुक्रवार शाम करीब सवा छह बजे ट्रॉला आंबापाड़ा के टर्न से गुजरते समय अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पलटता हुआ खाई में जा गिरा। झटकों से ट्रक की बॉडी पूरी तरह डेमेज हो गई तथा मक्का की बोरियां गिरकर दूर-दूर जा गिरी। वहीं कई बोरियां फट गई और करीब दो सौ मीटर क्षेत्र में मक्का बिखर गई।



आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा सरवन थाने पर सूचना दी। सरवन थाना प्रभारी अर्जुन सेमलिया दल के साथ मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों की मदद से ट्रक में फंसे लोगों को बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार ट्रक में से चार लोगों को निकाला गया, जिनमें से 45 वर्षीय चंदू मईड़ा पिता नारजी मईड़ा निवासी ग्राम इंद्रावलकला (सरवन), 25 वर्षीय ईश्वर मईड़ा पिता पूंजा मईड़ा निवासी ग्राम कलवानी (सरवन) व 30 वर्षीय केसरीमल मईड़ा पिता भीमा मईड़ा निवासी ग्राम बरमाला भेरू थाना आंबापुरा जिला बांसवाड़ा (राजस्थान) की मौके पर ही मौत हो गई।

## प्रयागराज से भिलाई लौट रही कार डिंडौरी में पेड़ से टकराई, पत्नी की मौत पति गंभीर

**डिंडौरी ▪ एजेंसी**

जिले के बजाग थाना अंतर्गत शहडोल-पंडरिया मार्ग पर ग्राम तरच के पास शुक्रवार को प्रयागराज से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में जहां पत्नी की मौत हो गई, वहीं वाहन चला रहे उसके पति और सवार अन्य परिजन भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग लाया गया। बीएमओ दीपेंद्र धुर्वे ने बताया कि राखी सिकदार (60) की गले और सिर में गंभीर चोट होने के कारण उपचार के दौरान मौत हो गई।

पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजन को सौंपकर छत्तीसगढ भिजवा दिया गया है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक ही परिवार के छह लोगों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें जबलपुर रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार प्रयागराज से कुंभ स्नान कर छत्तीसगढ़ के दुर्ग भिलाई निवासी कार से लौट रहे थे। श्रद्धालुओं से भरी कार मोड़ पर पेड़ से टकराकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी।



कार में एक ही परिवार के सात लोग सवार थे। घटना की सूचना पर बजाग थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई और घायलों को 108 एंबुलेंस और डायल हंड्रेड की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घटना में एक पुरुष समेत तीन की हालत गंभीर बताई गई है। तीन अन्य महिलाओं सहित तीन पुरुष भी घायल हो गए। पांच लोगों को पहले जिला अस्पताल और फिर जिला अस्पताल से जबलपुर रैफर कर दिया गया।

## शादी का दबाव बना रही गर्लफ्रेंड को शादीशुदा प्रेमी ने कर दिया जमीन में दफन

**दतिया ▪ एजेंसी**

दतिया में एक युवती को उसी शख्स ने मौत के घाट उतारकर कब्रिस्तान में दफना दिया जिसके साथ वो शादी के सपने देख रही थी। युवती का गांव के रहने वाली शादीशुदा युवक से अफेयर चल रहा था। 13 फरवरी को अचानक युवती लापता हो गई थी जिसके बाद से परिजन और पुलिस उसकी तलाश कर रहे थे। अब आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस ने युवती का शव बरामद कर लिया है।

**शादीशुदा प्रेमी ने प्रेमिका को दफनाया** : दतिया के भगुवापुरा गांव में रहने वाली 23 साल की युवती 13 फरवरी को लापता हो गई थी। परिजन ने उसकी गुमशुदगी पुलिस में दर्ज कराते हुए गांव के रहने वाले शंकर राजपूत नाम के युवक पर शक जाहिर किया था। पुलिस ने आरोपी शंकर को पकड़कर जब उससे पूछताछ की तो चौंका देने वाला खुलासा हुआ। आरोपी शंकर ने बताया कि उसने हत्या कर युवती के शव को कब्रिस्तान में दफन कर दिया है।

### शादी का बना रही थी दबाव

आरोपी शंकर ने पूछताछ में बताया कि वो शादीशुदा है और उसका युवती से बीते 2-3 साल से अफेयर चल रहा था। बीते कुछ दिनों से युवती शादी करने का दबाव बनाने लगी थी और धमकी देती थी कि अगर शादी नहीं की तो बदनाम कर देगी और पुलिस में शिकायत करेगी। इसी कारण उसने युवती की हत्या की साजिश रची। वो 13 फरवरी को घुमाने के बहाने युवती को अपने साथ ले गया और हत्या कर उसकी लाश को कब्रिस्तान में दफन कर दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कब्रिस्तान से युवती का शव बरामद कर लिया है।

## निर्धारित आयु पूरी करते ही अगले माह से मिलेगी अतिरिक्त पेंशन



**भोपाल ▪ एजेंसी**

पेंशनर और परिजन को मिलने वाले परिवार पेंशन से अतिरिक्त पेंशन की पात्रता निर्धारित आयु पूरी करने के अगले माह से ही मिलेगी। वित्त विभाग ने इसे लेकर बन रही भ्रम की स्थिति को दूर कर दिया है। 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन की पात्रता रहती है, जो प्रति पांच वर्ष में बढ़ती जाती है यानी यदि कोई पेंशनर सौ वर्ष की आयु पूरी कर लेता है तो अतिरिक्त पेंशन की पात्रता सौ प्रतिशत हो जाती है।

**भ्रम की स्थिति दूर** : वित्त विभाग के उप सचिव पीके श्रीवास्तव ने सभी विभाग, विभागाध्यक्ष, कलेक्टर और कमिश्नरों को पत्र के माध्यम से अतिरिक्त पेंशन की स्वीकृति को लेकर स्थिति स्पष्ट की है।

उन्होंने बताया कि 2009 में परिपत्र जारी कर अतिरिक्त पेंशन को लेकर विभाग ने स्पष्ट किया था कि अतिरिक्त पेंशन निर्धारित आयु पूर्ण होने के अगले माह से देय होगी यानी कोई कर्मचारी मार्च में सेवानिवृत्त हुआ तो उसे अतिरिक्त पेंशन की पात्रता अप्रैल से होगी।

सरकार 80 से 85 वर्ष तक 20, 85 से 90 तक 30, 90 से 95 तक 40, 95 से 100 तक 50 और 100 से अधिक आयु होने पर बेसिक पेंशन के 100 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन की पात्रता रहेगी।

## CM मोहन बोले- पहले इस लायक तो बनें

**भोपाल ▪ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो दिवसीय भोपाल प्रवास के दौरान भेंट के लिए कांग्रेस ने समय मांगा तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस इस लायक तो बने। लैपटाप वितरण कार्यक्रम के बाद मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस जीआईएस से लेकर विभिन्न बहाने से जमीन ढूंढ रही है लेकिन मिल नहीं रही है। उन्हें मालूम है कि वो रसातल में जा रहे हैं।

**वीडी शर्मा ने मांगा 2003 से पहले का हिसाब** : वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के निवेश को लेकर लगाए आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि वे पहले 2003 के पहले के मध्य प्रदेश की दुरावस्था का हिसाब दें। आज का विकसित मध्य प्रदेश ही भाजपा सरकारों के काम का हिसाब है।

शर्मा ने कहा, 2003 से पहले मध्य प्रदेश एक बीमारू राज्य था और दुरावस्था का शिकार था। 2003 के बाद भाजपा सरकारों ने मध्य प्रदेश को खुशहाली और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाना शुरू किया। प्रदेश में हुए इस विकास का हिसाब मध्य प्रदेश की जनता दे रही है।

## 2 बच्चों के पिता का साली पर आया दिल, किया किडनैप

**सागर ▪ एजेंसी**

एकतरफा प्यार में पागल जीजा ने मां के साथ जा रही अपनी ही साली का अपहरण कर लिया। मामला केसली थाना क्षेत्र का है। मां की शिकायत पर पुलिस ने क्षेत्र में नाकाबंदी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपियों के पास से युवती को बरामद कर लिया है। मुख्य आरोपी जीजा और उसका एक साथी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

**सुबह पांच बजे किया किडनैप**

जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे युवती अपनी मां के साथ शौच को गई थी, जहां से लौटते समय उसके जीजा सत्यपाल राजपूत बोलेरो कार से वहां आया और अपने चार अन्य साथियों के साथ युवती को जबरदस्ती कार में बैठाकर भगा ले गया। युवती की मां ने इसकी शिकायत पुलिस से की।

पुलिस ने आरोपियों पर मामला कायम कर उनकी तलाश शुरू की। पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि आरोपी सत्यपाल राजपूत अपनी साली को पसंद करता था, जबकि उसकी पत्नी के दो बच्चे हैं, उससे शादी करना चाहता था। उसने साली से शादी का प्रस्ताव भी दिया, लेकिन साली ने जब उसे मना कर दिया तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ उसके अपहरण की योजना बनाई और गुरुवार को उसे उठा ले गया।

### गैंगरेप का सनसनीखेज मामला आया सामने

# डांसर को पकड़ जंगल ले गए, रातभर 6 ने किया गैंगरेप

**सिंगरौली ▪ एजेंसी**

सिंगरौली में गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ऑर्केस्ट्रा डांसर है जिसे 6 दरिंदों ने अपनी हवस का शिकार बनाया है। दरिंदों ने रातभर गैंगरेप किया और फिर उसी हालत में जंगल में छोड़कर भाग गए। पीड़िता किसी तरह सुबह अपने घर पहुंची और फिर बहन के साथ थाने। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



**डांसर को जंगल में उठाकर ले गए** : सिंगरौली जिले के माडा थाना इलाके के शीतूल गांव में रहने वाले देव कुमार शाह के घर में बरहो संस्कार का कार्यक्रम था जिसमें सरई इलाके से ऑर्केस्ट्रा बुलाया गया था। ऑर्केस्ट्रा में सिंगर के साथ डांसर लड़कियां भी थीं। देर रात कार्यक्रम खत्म होने के बाद ऑर्केस्ट्रा के सभी सदस्य अलग- अलग बाइक से वापस लौट रहे थे तभी रास्ते में बाइक से आए बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया और डांसर युवती को जबरदस्ती उठाकर अपने साथ जंगल में ले गए।

**रातभर की हैवानियत, सुबह किसी तरह घर पहुंची पीड़िता** : युवती को बचाने आए उसके साथी के साथ बदमाशों ने मारपीट की और डांसर को जंगल में ले जाने के बाद सभी 6 आरोपियों ने रातभर उसके साथ गैंगरेप किया। गैंगरेप करने के बाद आरोपी पीड़िता को जंगल में ही छोड़कर भाग गए। जिसके बाद किसी तरह पीड़िता सुबह अपने घर पहुंची और बड़ी बहन को पूरी बात बताई और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

लगातार चौथे दिन टूटा बाजार

# अमेरिकी टैरिफ के चलते सेंसेक्स 424 अंक गिरा, निफ्टी 22800 के नीचे फिसला

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

शुक्रवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए, जिससे लगातार तीसरे सप्ताह भी गिरावट जारी रही। बाजार में गिरावट हैवीवेट वित्तीय और ऑटोमोबाइल शेयरों में कमजोरी के कारण दिखी। अमेरिकी टैरिफ से जुड़ी चिंताओं के कारण निवेशकों की धारणा कमजोर बनी हुई है। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 424.90 अंक या 0.56 प्रतिशत गिरकर 75,311.06 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 623.55 अंक या 0.82 प्रतिशत गिरकर 75,112.41 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 117.25 अंक या 0.51 प्रतिशत गिरकर 22,795.90 पर आ गया। बीते चार कारोबारी दिनों में बीएसई का सूचकांक 685.8 अंक या 0.90 प्रतिशत गिरा, जबकि निफ्टी 163.6 अंक या 0.71 प्रतिशत गिरा।

ऑटो शेयरों और विदेशी फंडों की लगातार निकासी के कारण शुक्रवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। कमजोर अमेरिकी बाजार और टैरिफ की धमकियों ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

## सेंसेक्स के टॉप गेनर्स और टॉप लूजर्स शेयर ये रहे

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से महिन्द्रा एंड महिन्द्रा में 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। अडानी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड, जोमैटो, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट भी पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और एनटीपीसी लाभ में रहे।




जानकारों के अनुसार, 'एफआईआई की लगातार बिकवाली, रुपये में गिरावट, महंगे मूल्यांकन और अमेरिका की ओर से टैरिफ लगाने की धमकी जैसे नकारात्मक कारणों से निवेशक भारतीय शेयरों से दूर हो रहे हैं।'

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'वास्तव में स्थानीय बेंचमार्क ने एशियाई और यूरोपीय दोनों सूचकांकों की तुलना में कम प्रदर्शन किया, जिनमें उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। धातुओं को छोड़कर, घरेलू बाजारों में गिरावट का कारण बैंकिंग, आईटी, दूरसंचार, ऑटो, रियल्टी और तेल एवं गैस शेयरों में कमजोरी थी।'

**एफआईआई ने गुरुवार को 3,111.55 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची** : एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 3,311.55 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार में व्यापक आधार पर कमजोरी जारी रही, जिसका मुख्य कारण एफओएमसी की बैठक के आक्रामक रुख को लेकर निवेशकों की चिंता थी, जिसमें ब्याज दरों में लंबे समय तक वृद्धि का संकेत दिया गया था, जिससे उभरते बाजारों में तरलता बाधित हो सकती है।

उन्होंने कहा 'हालांकि बाजार में स्वस्थ सुधार हुआ है, लेकिन कॉर्पोरेट आय में क्रमिक सुधार और टैरिफ से संबंधित जारी जोखिमों के कारण मूल्यांकन के स्तर पर संदेह बना हुआ है, खासकर व्यापक बाजार में। भारत फिलहाल अपने एशियाई समकक्षों से पीछे है, क्योंकि एफआईआई का बहिर्वाह उच्च बना हुआ है, और 'भारत बेचो, चीन खरीदो' की रणनीति फिलहाल लाभ दे रही है।'

एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोपीय बाजार ज्यादातर बढ़त पर बंद हुए। गुरुवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.59 प्रतिशत गिरकर 76.05 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। गुरुवार को सेंसेक्स 203.22 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 75,735.96 पर बंद हुआ था। निफ्टी 19.75 अंक या 0.09 प्रतिशत गिरकर 22,913.15 पर बंद हुआ था।

# ब्याज दरों पर RBI के फैसले से बैंकों पर बढ़ सकता है मार्जिन में कमी का दबाव

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

भारतीय बैंकों को अपने शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) पर नए सिरे से दबाव का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से पांच वर्षों में पहली बार अपनी बेंचमार्क दर में कटौती करने के फैसले के बाद बैंकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है।

एसएंडपी कैपिटल आईक्यू के अनुसार, छह सबसे बड़े निजी और सरकारी स्वामित्व वाले बैंकों का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) तनाव में है। हालांकि, मजबूत ऋण मांग ने इन बैंकों को विकास बनाए रखने में मदद की है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस डेटा के अनुसार, वित्त वर्ष 24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में, छह प्रमुख बैंकों में से पांच ने 12 प्रतिशत से अधिक की ऋण वृद्धि देखी, जिससे उनकी शुद्ध आय सालाना आधार पर बढ़ी।

27 जनवरी को, आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली को समर्थन देने के लिए लिक्विडिटी बढ़ाने के उपायों की शुरुआत की और बाद में 7 फरवरी को अपने बेंचमार्क रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत कर दिया।




नोमुरा के विश्लेषकों को 2025 में दरों में और कटौती की उम्मीद है, अगली कटौती अप्रैल में होने की उम्मीद है। उन्हें 2025 के अंत तक 5.50 प्रतिशत की टर्मिनल दर का अनुमान है। सख्त तरलता स्थितियों के कारण जमा दरें उच्च बनी हुई हैं। दूसरी ओर, लोन लेने वाले कम ब्याज दरों की ओर जाने का रुख करेंगे जिससे बैंकों पर दबाव पड़ने की उम्मीद है। इससे बैंकों के मार्जिन पर दबाव पड़ेगा।

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने अपने एनआईएम को 17 आधार अंकों से कम करके तीसरी तिमाही में 2.86 प्रतिशत रहने की बात कही है। हालांकि, एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसार, एसबीआई की ऋण वृद्धि साल दर साल 14 प्रतिशत पर मजबूत रही। मुख्य रूप से खुदरा, कृषि और एमएसएमई ऋणों के साथ-साथ कॉर्पोरेट ऋण में सुधार से प्रेरित थी। जबकि भारतीय बैंकों ने अपनी ऋण पुस्तकों का विस्तार किया है, जमा वृद्धि धीमी रही। अधिक ग्राहक कम ब्याज वाले बचत खातों से अधिक-उपज वाले सावधि जमा खातों की ओर जा रहे हैं, जिससे बैंकों की फंडिंग लागत बढ़ रही है।

एसबीआई के अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने मार्जिन पर दबाव बढ़ने को 'व्यवहारगत परिवर्तन' बताया। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में एसबीआई की जमा वृद्धि 10 प्रतिशत रही, जबकि कुल जमा में कम लागत वाले चालू और बचत खातों (सीएएसए) की हिस्सेदारी पिछली तिमाही के 38.4 प्रतिशत से घटकर 37.6 प्रतिशत रह गई।

गोल्डमैन सैक्स के अनुसार बैंकों को जमा के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है, जिससे ऋण पैदावार बढ़ाने की उनकी क्षमता सीमित हो गई है। अन्य सरकारी बैंकों के मार्जिन में भी गिरावट देखी गई, जिसमें बैंक ऑफ बड़ौदा का एनआईएम 20 आधार अंकों की गिरावट के साथ 2.93 प्रतिशत और पंजाब नेशनल बैंक का मार्जिन 19 आधार अंकों की गिरावट के साथ 2.67 प्रतिशत रह गया।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर घटकर 636 अरब डॉलर रह गया

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार तीन हफ्ते की बढ़ोतरी के सिलसिले को तोड़ते हुए 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 2.54 अरब डॉलर घटकर 635.721 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में भंडार 7.654 अरब डॉलर बढ़कर 638.261 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, रुपये में अस्थिरता को कम करने के लिए आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के कारण विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आई।



शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.515 अरब डॉलर घटकर 539.591 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा हालांकि, सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 1.942 अरब डॉलर बढ़कर 74.15 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार 19 मिलियन डॉलर बढ़कर 17.897 अरब डॉलर हो गए। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के साथ भारत की आरक्षित स्थिति 14 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.083 अरब डॉलर हो गई।

# 2047 तक उच्च आय वाले देशों में शामिल होगा भारत, कार्यबल में 20 करोड़ के जुड़ने की आशा

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

भारत 2047 तक 23-35 लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी के साथ उच्च आय वाले देशों में शामिल हो जाएगा। 8-10 फीसदी वार्षिक वृद्धि से यह संभव होगा। इसमें पांच प्रमुख क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक्स, एनर्जी, केमिकल्स, ऑटोमोटिव और सर्विस रणनीतिक विकास के रूप में काम करेंगे।

**20 करोड़ लोगों के कार्यबल में प्रवेश करने की उम्मीद** : बैन एंड कंपनी और नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, तकनीकी इनोवेशन और क्षेत्रीय बदलाव से भारत को फायदा मिलेगा। आने वाले दशकों में 20 करोड़ लोगों के कार्यबल में प्रवेश करने की उम्मीद है। इससे भारत के पास ऊंचे मूल्य वाले रोजगार निर्माण को बढ़ावा देने व महत्वपूर्ण आर्थिक क्षमता का फायदा उठाने का अवसर है। बढ़ती आय, कुशल श्रमिकों की बढ़ती संख्या व इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार कुछ ऐसे प्रमुख कारक हैं जो वृद्धि को बढ़ावा दे सकते हैं।

**निर्यात में आएगी तेजी** : रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई वाले चिप डिजाइन और कलपुर्जे विनिर्माण में प्रगति लागत प्रतिस्पर्धात्मकता और खोजपरक को बढ़ा सकती है। इससे 2047 तक इस क्षेत्र का निर्यात 24 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत तक हो जाएगा। अर्थव्यवस्था में इसका योगदान तीन प्रतिशत से बढ़कर 10 फीसदी तक हो सकता है। कुल ऊर्जा उत्पादन में भारत की रिन्यूएबल का हिस्सा 2047 में 70 प्रतिशत हो सकता है जो 2023 में 24 फीसदी था। ऑटो कलपुर्जा निर्यात क्षेत्र के 2047 तक 200-250 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।

## लोहे के भाव

| | |
|---|---|
| **मंडी गोविंदगढ़** | मुंबई- 42200 |
| इंगाट- 42000 (-200) | भिवाड़ी- 40900 |
| स्क्रैप- 30600 | **अन्य धातुओं के भाव** |
| लुधियाना इंगाट- 41600 | सोना- 85710 (-314) |
| **इंगाट के भाव** | चांदी- 96754 (-359) |
| गाजियाबाद- 41500 | कॉपर-865 (-4.75) |
| दुर्गापुर- 38800 | जिंक- 270.20 (-1.35) |
| कोलकाता- 39500 | क्रूड आयल- 6263 (-53) |
| रायपुर- 38800 | नेचरल गैस-375.90 (+23.10) |
| हैदराबाद- 40100 | एल्युमीनियम- 264.85 (+0.35) |
| मुजफ्फरनगर- 41400 | ब्रॉस- 561 |
| भावनगर- 41000 | डॉलर- 86.75 |
| रायगढ़- 38300 | |
| जयपुर- 41200 | |

## स्पोर्ट्स

आईसीसी के वनडे टूर्नामेंट में अफगानिस्तान की सबसे बड़ी शिकस्त

# दक्षिण अफ्रीका ने 107 रन से अफगानिस्तान को हराया, कगिसो रबाडा को मिले तीन विकेट

कराची ▪ एजेंसी



दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 107 रन से हरा दिया। शुक्रवार को चैंपियंस ट्रॉफी का तीसरा मैच दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच कराची में खेला गया। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टेम्बा बावुमा की अगुआई वाली टीम ने 50 ओवर में सात विकेट खोकर 315 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 43.3 ओवर में सिर्फ 208 रन बना सकी और ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

**100+ रनों के अंतर से अफगानिस्तान की चौथी सबसे बड़ी हार** : 100 से ज्यादा रनों के अंतर से अफगानिस्तान को आईसीसी के किसी वनडे टूर्नामेंट में चौथी बार सबसे बड़ी शिकस्त मिली है। विश्व कप 2015 में ऑस्ट्रेलिया ने इस टीम को 275 रन से हराया था। इसके बाद 2019 विश्व कप में उन्हें 150 रन और विश्व कप 2023 में 149 रन से हराया था। आईसीसी के वनडे टूर्नामेंट में अफगानिस्तान की यह सबसे बड़ी शिकस्त है।

### अफगानी बल्लेबाजों ने किया निराश

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम के बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। उनकी तरफ से रहमत शाह ने सर्वाधिक 90 रनों की पारी खेली। उनके अलावा पांच बल्लेबाज 20 का आंकड़ा भी नहीं छू सके जबकि दो बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई में तब्दील नहीं कर सके। इस दौरान कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी और फजलहक फारुकी खाता भी नहीं खोल सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए कगिसो रबाडा ने तीन विकेट लिए जबकि लुंगी एनगिडी और वियान मुल्डर ने दो-दो सफलताएं हासिल कीं। वहीं, मार्को यानसेन और केशव महाराज को एक-एक विकेट मिला।

गुजरात के खिलाफ 2 रन की बढ़त के चलते फाइनल खेलेगा केरल


# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल : विदर्भ ने मुंबई को 80 रन से हराया

अहमदाबाद/नागपुर ▪ एजेंसी

केरल और विदर्भ के बीच इस बार रणजी ट्रॉफी का फाइनल खेला जाएगा। शुक्रवार को सेमीफाइनल में विदर्भ ने मुंबई को 80 रन से हराया। वहीं गुजरात के खिलाफ केरल पहली पारी में 2 रन की बढ़त लेने के कारण फाइनल में पहुंच गया। रणजी ट्रॉफी फाइनल 26 फरवरी को विदर्भ और केरल के बीच खेला जाएगा। मैच किस वेन्यू पर होगा, यह फाइनल होना बाकी है। केरल ने पहली बार ही रणजी के फाइनल में जगह बनाई है।

**सेमीफाइनल-1** : नागपुर के VCA स्टेडियम में मैच के 5वें दिन मुंबई ने 83/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम को 406 रन का टारगेट मिला था। आकाश आनंद 39 रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद शिवम दुबे 12 और सूर्यकुमार यादव 23 रन ही बना सके। 115 रन पर टीम ने 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां से शम्स मुलानी ने 46, शार्दूल ठाकुर ने 66, तनुष कोटियन ने 26, मोहित अवस्थी ने 34 और रॉयस्टन दास ने 23 रन बनाए। टीम 325 रन बनाकर सिमट गई और विदर्भ ने 80 रन से मैच जीत लिया।

**पहली पारी में ही पिछड़ गई थी मुंबई** : विदर्भ से हर्ष दुबे ने 5 विकेट लिए। यश ठाकुर और पार्थ रेखडे को 2-2 विकेट मिले। 1 बैटर रनआउट भी हुआ। पहली पारी में विदर्भ ने 383 और मुंबई ने 270 रन बनाए थे। वहीं दूसरी पारी में विदर्भ ने 292 रन बनाकर मुंबई को 406 रन का टारगेट दिया था।



**सेमीफाइनल-2 : केरल को 2 रन की बढ़त मिली** : अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 5वें दिन गुजरात ने 429/7 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। केरल ने पहली पारी में 457 रन बनाए थे। गुजरात से जयमीत पटेल 79 रन बनाकर आउट हो गए।

पहली पारी में बढ़त के लिए गुजरात को अब 22 रन और चाहिए थे। सिद्धार्थ देसाई 30 रन बनाकर 9वें विकेट के रूप में आउट हो गए। अर्जन नागवासवाला और प्रियजीतसिंह जडेजा ने 10 ओवर तक बैटिंग की और स्कोर 455 रन तक पहुंचा दिया। आदित्य सरवटे बॉलिंग करने आए। ओवर की चौथी गेंद को अर्जन ने बैकफुट पर खेला, गेंद शॉर्ट लेग पर खड़े फील्डर के हेलमेट पर लगी। हेलमेट से लगकर बॉल फर्स्ट स्लिप में सचिन बेबी के हाथों में चली गई, उन्होंने कैच पकड़ा और गुजरात 455 पर सिमट गई।


**सरवटे-सक्सेना ने 4-4 विकेट लिए** : केरल ने पहली पारी में 2 रन की बढ़त ली, इसी बढ़त के आधार पर टीम को जीत मिल गई। केरल ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर 114 रन बना लिए। पहली पारी में केरल से जलज सक्सेना और आदित्य सरवटे ने 4-4 विकेट लिए। एमडी नीधेश और एन बासिल को 1-1 विकेट मिला।

**विदर्भ 2 बार की चैंपियन** : विदर्भ ने चौथी बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई। टीम लगातार दूसरी बार फाइनल खेलेगी। पिछली बार उन्हें मुंबई ने हराया था। वहीं टीम 2017-18 में दिल्ली और 2018-19 में सौराष्ट्र को हराकर चैंपियन भी बन चुकी है। दूसरी ओर केरल पहली बार रणजी ट्रॉफी का फाइनल खेलेगा।

# भारत राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी का इच्छुक

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का इच्छुक है और 2026 में ग्लास्गो खेलों से बाहर किए गए सभी खेलों का आयोजन भी यहां कराने के लिये तैयार है ताकि देश की पदक तालिका पर असर नहीं पड़े। खेल मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने कहा 'हम राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी के इच्छुक हैं और इस मसले पर राष्ट्रमंडल खेल महासंघ से औपचारिक बात हो चुकी है । हमने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर किये गए सभी खेलों का आयोजन भारत में कराने का भी अनौपचारिक प्रस्ताव रखा है।'



ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों से हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे खेल बाहर किये जाने से भारत की पदक उम्मीदों को झटका लगा है। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बजट में कटौती के लिये सिर्फ दस खेल शामिल किये गए हैं। सूत्र ने कहा 'हमने यह प्रस्ताव इसलिये रखा है ताकि हमारे पदकों की संख्या पर असर नहीं पड़े। अनौपचारिक प्रस्ताव रखा जा चुका है और हमें जवाब का इंतजार है।'

ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किये जाएंगे। हाल ही में भारत का दौरा करने वाली राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की सीईओ कैटी सेडलेयर ने कहा था कि ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की आकांक्षाओं को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से बल मिलेगा। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का आशय पत्र पहले ही सौंप चुका है। भारत में एकमात्र राष्ट्रमंडल खेल दिल्ली में 2010 में आयोजित हुए थे।

# चयन ट्रायल कैमरे के सामने होंगे, साइ अधिकारी भी होंगे मौजूद

नई दिल्ली ▪ एजेंसी

राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए भारतीय टीम के चयन में पारदर्शिता लाने की कवायद में सभी चयन ट्रायल अब कैमरे के सामने होंगे जिसमें खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद होंगे। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

**चयन और पारदर्शिता लाने के लिए खेल मंत्रालय ने लिया बड़ा निर्णय** : पिछले कुछ समय में चयन से जुड़े मसलों के अदालत तक जाने के मद्देनजर खेल मंत्रालय ने मेरिट के आधार पर चयन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला लिया है। सूत्र ने कहा- अक्सर यह देखा जाता है कि चयन मामलों को लेकर विवाद होते हैं और वे अदालत तक जाते हैं जिससे खिलाड़ियों पर असर पड़ता है। इसलिये हमने अब से सारे चयन ट्रायल कैमरे के सामने पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में कराने का फैसला लिया है। चयन प्रक्रिया के दौरान मंत्रालय और साइ के अधिकारी मौजूद होंगे।



### महासंघों के लिए होगी ये सुविधा

सूत्र ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय खेल महासंघों और खिलाड़ियों के बीच समन्वय को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली के विभिन्न स्टेडियमों में महासंघों को कार्यालय खोलने के लिए जगह दी जाएगी।

जागरुकता अभियान | चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला पहुंची सारंगपुर

# खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका, खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की जांच

राजीव टाइम्स ▪ सारंगपुर

खाद्य पदार्थों में मिलावट होने की आशंका को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा सारंगपुर में संचालित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों होटल, रेस्टोरेंट, किराना दुकान, मिठाई दुकान एवं फूड वेंडरों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। नकली खोवा तथा गुणवत्ताहीन मिठाई की बिक्री होती है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएस खत्री ने संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण कर चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम लोगों को जागरुक किया और विभिन्न सैंपल लेकर होटलों पर खुले में रखी खाद्य साग्री को नष्ट कराया और खराब तेल को भी नष्ट कराया और दुकान संचालकों को दोबारा ऐसा न करने की हिदायत भी दी। उन्होंने होटलों पर खुले में रखे समोसे, पालकबड़े, जलेबी आदि को नष्ट कराया और होटलों पर खराब तेल से लते जा रही खाद्य सामग्री पर नाराजगी जाहिर कर तेल को भी फिंकवाया गया।

### इन तरीकों से किचिन में ही कर सकते हैं मिलावट की जांच

**दूध-दही** : दूध व पानी बराबर मात्रा में मिलाकर हल्का गर्म कर दो-तीन बूंद टिंचर आयोडीन की डालें यदि नीला रंग आए तो स्टार्च की मिलावट है।

**मावा, दूध व छैना की मिठाइयां** : दो-तीन बूंद टिंचर आयोडीन की डालें यदि काला रंग आए तो स्टार्च की मिलावट है।

**घी** : तेज गर्म करें यदि तेजी से नहीं पिघलता और गर्म होने के साथ खुशबू कम होती जाए तो यह मिलावटी है।

**नमक** : आलू को काटकर उसके टुकड़े पर थोड़ा सा नमक डालें और 2-3 बूंदें नीबू का रस डाले। नीला रंग आए तो नमक आयोडीन युक्त है।

**मसाले (हल्दी, मिर्ची, धनिया और गरम मसाला)** : दो-तीन बूंद टिंचर आयोडीन की डालें नीला रंग आए तो स्टार्च की मिलावट है।

**लाल मिर्च व हल्दी पाउडर** : दो कांच के ग्लास में पानी भरकर हल्दी व लाल मिर्च पाउडर अलग-अलग ग्लास में डालें और पानी को ध्यान से देखें यदि मिर्च पाउडर वाले ग्लास में गहरा लाल रंग और हल्दी वाले ग्लास में गहरा पीला रंग आए तो कृत्रिम रंग की मिलावट है।

**तेल** : दो चम्मच खाद्य तेल में एक चम्मच शुद्ध घी मिलाएं। यदि रंग लाल हो जाए तो तेल में मिलावट है।

**शहद** : कांच के ग्लास में पानी भरकर बूंद-बूंद शहद डाले शुद्ध शहद पानी में तार बनाते हुए तलहटी में बैठ जाता है। मिलावटी शहद पानी में सीधा घुल जाता है।

**आइसक्रीम** : एक कांच की कटोरी में आइसक्रीम लेकर 2-3 बूंद नीबू रस की डालें। यदि सतह पर बुलबुले आए तो डिटर्जेंट की मिलावट है।

**चांदी का बर्क** : बर्क को हथेली में लेकर घिसने पर शुद्ध बर्क गायब हो जाएगा। यदि एल्युमिनियम की मिलावट है तो बर्क हथेली में बना रहता है।




### मेरी प्रयोगशाला अभियान के तहत किया जागरुक

शुक्रवार को सारंगपुर बस स्टैंड पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने मेरा किचिन मेरी प्रयोगशाला अभियान शुरू किया है। इसके तहत लोग अब अपने किचिन में ही खाद्य सामग्री में मिलावट की जांच करने की समझाइश दी गई। टीम के केमिस्ट अभिषेक तिवारी ने बताया कि जांच के तरीके लोगों को बताने के लिए खाद्य विभाग की ओर से एक कार्ड जारी किया गया है। जिसमें जांच की विधि बताई गई है। जो आम लोगों को वितरित किया जा रहा है। इन विधि का घर पर इस्तेमाल कर लोग दूध-दही, घी, शहद और आइसक्रीम सहित अन्य खाद्य सामग्री की शुद्धता की जांच कर सकते हैं।



### खाद्य सामग्री के 25 सैंपल लिए गए

" हमारे द्वारा लोगों को जागरुक किया गया है कि कैसे मिलावट को पहचाना जा सकता है। वही विभिन्न खाद्य सामग्री के 25 सैंपल लिए गए है। खुले में रखी खाद्य सामग्री को नष्ट किया गया है।

**एसएस खत्री,** खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सारंगपुर

## फ्रांसीसी नागरिक का किशोर कुमार मुक्ति धाम में हिन्दू रीति- रिवाज से किया गया अंतिम संस्कार



राजीव टाइम्स ▪ खंडवा

यूरोप के फ्रांस देश से टूरिस्ट वीजा पर भारत देश में भ्रमण के लिए फ्रांसीसी नागरिक स्टीफन एलेक्सजेंडर डिलोरमे का दिल्ली आगमन 22 जनवरी 25 को हुआ था। जो दिल्ली से धार्मिक नगरी वाराणसी, प्रयागराज, उज्जैन होते हुए 13 फरवरी को ओंकारेशवर पहुंचे, जहां 16 फरवरी को धार्मिक यात्रा करते हुए तबीयत बिगड़ने से उन्हें सिविल अस्पताल मांधाता में भर्ती कराया गया। तबीयत ज्यादा बिगड़ने एवं ऑक्सीजन लेवल कम होने पर सिविल अस्पताल मांधाता से एम्बुलेंस से जिला अस्पताल खंडवा लाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिस पर से थाना मोघट रोड में मर्ग कायम कर मर्ग जांच कार्यवाही की गई। पीएम रिपोर्ट में मृतक की मृत्यु लंग्स इन्फेक्शन के कारण होना पाया गया।

मृतक विदेशी नागरिक होने से संबंधित फ्रांसीसी दूतावास के माध्यम से मृतक के परिजन को सूचित किया गया तथा मृत्यु का कारण बताया गया। इस पर मृतक की मां मिशेल डिलोरमे द्वारा लिखित में ईमेल के माध्यम से सूचित किया गया कि उनका पुत्र हिन्दू धर्म में आस्था रखता था, अतः उसका अंतिम संस्कार हिन्दू रीति- रिवाज से करके अस्थि विसर्जन नर्मदा नदी में किया जाए।

21 फरवरी को दोपहर करीब 1 बजे श्री सत्य लक्ष्मीनारायण मंदिर माहेश्वरी पंचायत ट्रस्ट खंडवा के फूलमाला से सुसज्जित स्वर्ग रथ में सम्मान सहित मृतक स्टीफन एलेक्सजेंडर डिलोरमे के शव को रख कर जिला अस्पताल खंडवा से किशोर कुमार मुक्तिधाम लाया गया। जहां हिन्दू रीति- रिवाज के अनुसार मृतक फ्रांसीसी नागरिक का अंतिम संस्कार पंडित अर्जुन दास द्वारा किया गया। अंतिम संस्कार में एसडीएम खंडवा बजरंग बहादुर एवं उनका स्टाफ, थाना प्रभारी मोघट रोड निरीक्षक धीरेश धारवाल एवं उनका स्टाफ, जिला विशेष शाखा के प्रआर परसराम यादव तथा समाज सेवी सुनील जैन, मुबारिक पटेल व अनिल बाहेती सहित जिला खंडवा के पत्रकारगण व अन्य नागरिकगण उपस्थित रहे। अंतिम संस्कार के पूर्व एसडीएम साहब द्वारा सभी को दो मिनट के लिए मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## क्षतिग्रस्त शिवाजी महाराज की मूर्ति का नगर निगम ने कराया रंग-रोगन

राजीव टाइम्स ▪ देवास



छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने पर शिवसेना प्रदेशाध्यक्ष ने आपत्ति दर्ज कराई थी। साथ ही निगम आयुक्त को फोन पर चर्चा कर अवगत कराया था। शिवसेना जिला प्रवक्त संजू भाटी ने बताया कि शिवेसना की शिकायत के पश्चात नगर निगम द्वारा शिवाजी महाराज की पूरी मूर्ति का रंग-रोगन कराया गया है। क्षतिग्रस्त मूर्ति को लेकर युवा शिवसेना प्रदेशाध्यक्ष अनुराग सोनार ने निगम आयुक्त रजनीश कसेरा को तत्काल फोन लगाकर नाराजगी जाहिर की थी। इसके बाद निगम अधिकारी ने तत्काल मूर्ति पर कार्य प्रारंभ कराया। शिवसेना जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा को नगर निगम अधिकारी जितेंद्र सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवाजी जयंती पर माल्यार्पण के दौरान क्षतिग्रत्र हुई मूर्ति को पूरी तरह से ठीक कर नए स्वरूप में रंगाई- पुताई करके ठीक कर दिया गया है। वर्मा ने निगम आयुक्त से मांग की कि देवास में लगी मूर्तियों, महापुरूषों की प्रतिमाओं को उनकी जयंती के पूर्व निरीक्षण किया जाए। साथ ही जो भी प्रतिमा क्षतिग्रस्त है उसका रंग-रोगन कराकर ठीक करा जाए। महापुरुषों की जयंती आने से पूर्व ही मूर्ति को पूर्ण रूप से साज सज्जा की जाए। महापुरुष हमारे गौरव हैं। आने वाली पीढ़ी इन्हीं के मार्गदर्शन में कार्य करती है। निगम ने जन भावनाओं को तत्काल संज्ञान में लेकर प्रतिमा को ठीक करके उचित कार्य करवाया।

## आजाद क्लब जोबट ने जीता कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब

राजीव टाइम्स ▪ आलीराजपुर



पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर स्थानीय राजवाड़ा परिसर में भाजपा आलीराजपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को हुआ। रात्रिकालीन इस प्रतियोगिता के अंतिम दिन के शुभारंभ सत्र में दिलीप चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोंटू शाह और मंडल अध्यक्ष गिरिराज मोदी मंचासिन थे जिनके द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र का पूजन कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम में का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात सेमीफाइनल में पहुंची टीम के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ कराया गया। खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसके तहत तीरंदाजी प्रतियोगिता भी की गई थी। जिसमें सटीक निशाना लगाने वाले प्रतिभागी को मौके पर ही नकद पुरस्कार देकर सम्मान किया गया।

उसी कड़ी में तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन सत्र में कलेक्टर डॉ. अभय बेड़ेकर, एसपी राजेश व्यास, महाराजा तुषार सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष मकू परवाल, जयपाल सिंह खरत और भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद कापड़िया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। जिनका स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पमाला पहनाकर और गुलदस्ता भेंट कर किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन बड़ी संख्या में दर्शकों की भीड़ राजवाड़ा में उमड़ी। चार टीमों का सेमीफाइनल में से दो टीम आजाद क्लब जोबट और सीनियर बालक छात्रावास जोबट की टीम फाइनल में पहुंची। जिनका शानदार मुकाबला देखने को मिला। मुकाबले में आजाद क्लब जोबट ने सीनियर बालक छात्रावास जोबट को हराकर कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया।

इस दौरान राजवाड़ा परिसर में जमकर आतिशबाजी की गई। दोनों टीमों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में विजेता टीम को कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान की ओर रखा गया। 21 हजार रुपए नकद और ट्रॉफी और उप विजेता टीम को 15 हजार नकद और ट्रॉफी मंचासिन अतिथियों द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम में जनजाति कार्य विभाग के खेल शिक्षकों द्वारा तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में दी गई सेवाओं के चलते मंच से उनका सम्मान किया गया। अतिथियों को मंडल अध्यक्ष गिरिराज मोदी ने श्रीमद् भगवत गीता देकर सम्मानित किया।

## महाशिवरात्रि पर्व एवं बिल्वामृतेश्वर महादेव की राजसी सवारी की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे, धार कलेक्टर



राजीव टाइम्स ▪ धामनोद

धरमपुरी में आगामी महाशिवरात्रि पर्व और राजसी सवारी को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा पहुंचे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम दर्शन सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी व्यवस्थाएं 24 फरवरी तक पूर्ण हो जानी चाहिए ताकि अंतिम समय में किसी प्रकार की समस्या न हो।

कलेक्टर ने शीतला माता घाट पर नाव संचालन और जलस्तर प्रबंधन को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। कहा कि नर्मदा जलस्तर स्थिर बनाए रखने के लिए पत्राचार किया कि ताकि नावों का संचालन सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने महर्षि दधीचि प्रतिमा स्थल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

मेले में भीड़ प्रबंधन और कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ट्रैफिक प्लान तैयार कर, सोशल मीडिया पर अधिकाधिक प्रसारित किया जाए ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा हो। निःशुल्क पार्किंग व्यवस्था की जानकारी श्रद्धालुओं तक पहुंचे। घाटों पर सर्चलाइट, सुरक्षा नाव, गोताखोर और बचाव दल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। प्रमुख अधिकारियों को वॉकी-टॉकी उपलब्ध कराए जाएं ताकि मोबाइल नेटवर्क जाम होने की स्थिति में भी समन्वय बना रहे।

कलेक्टर ने मंदिर परिसर में पूजन कर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान एडीएम अश्विनी कुमार रावत, एडिशनल एसपी डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम राहुल गुप्ता, एसडीओपी अनु बेनीवाल (आईपीएस), तहसीलदार शिवानी श्रीवास्तव, टीआई संतोष यादव, जनपद सीईओ सलोनी अग्रवाल, सीएमओ माया मंडलोई सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि, धरमपुरी में महादेव मंदिर और राजसी सवारी की सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित और सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं। इसके तहत महिलाओं के लिए प्रसाधन सुविधा, लाइटिंग और सुरक्षा व्यवस्था, नाव संचालन और पुलिस बलों की तैनाती, पार्किंग सुविधा का सुचारू प्रबंधन, एसडीआरएफ और होमगार्ड टीम को लाइफ जैकेट, बोट और आवश्यक बचाव उपकरणों के साथ घाटों पर तैनात किया जाएगा।

## एडवोकेट सैयद असगर अली मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त

राजीव टाइम्स ▪ कन्नौद



अभिभाषक संघ कन्नौद के सचिव राम प्रसाद यादव ने बताया कि गुरुवार संघ की बैठक रखी गई थी जिसमें सभी अभिभाषकों की सहमति से वर्ष 2025 में अभिभाषक संघ के चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी अभिभाषक सैयद असगर अली तथा सहायक चुनाव अधिकारी मनीष शर्मा को सर्वसम्मति से नियुक्त किया। संघ अध्यक्ष मनोज भंवर एवं कार्यकारिणी ने नवनियुक्त चुनाव अधिकारियों का फूल माला और शाल श्रीफल से स्वागत किया। चुनाव अधिकारियों ने चुनाव नियमानुसार निर्विवाद संपन्न कराने का आश्वाशन दिया तथा जल्द चुनाव की तारीख घोषित की जाएगी। अली और शर्मा के चुनाव अधिकारी नियुक्त होने पर दिनेश तिवारी, भारत शर्मा, केदार पटेल, रूपेश यादव, शैलेन्द्र पांचाल, दीपकुमार पटवा, विजय कुमार बोहरे, लीलाधर कोगरे, प्रदीप चौहान, संतोष वर्मा ने हर्ष व्यक्त किया।

## तहसील चौराहे से पीपली बाजार तक हटाया अवैध अतिक्रमण

**देवास।** एमजी रोड पर शुक्रवार को नगर निगम ने कार्रवाई की। निगम की टीम ने दुकानों के सामने नालियों पर बने अवैध ओटले जेसीबी की मदद से हटाए। ये कार्रवाई पीपली बाजार से तहसील चौराहे तक की जा रही है। नगर निगम के सब इंजीनियर श्याम सुंदर रघुवंशी ने बताया कि नालियों पर लोगों ने अवैध रूप से ओटले बना रखे थे। इससे नालियों की सफाई नहीं हो पा रही थी। लगातार शिकायतें मिलने के बाद ये कार्रवाई की गई। एमजी रोड पर करीब 12 से 14 दुकानों के सामने ऐसे ओटले बने हुए थे। इन ओटलों की वजह से एमजी रोड पर सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। नालियां अक्सर चोक हो जाती थी। इससे नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगता था। स्थानीय व्यापारी विष्णु तलरेजा ने कहा कि निगम के अधिकारी ओटले तोड़ने तो आ गए हैं। लेकिन नई नालियों के निर्माण और सड़क चौड़ीकरण को लेकर कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नालियों की नियमित सफाई भी नहीं होती है। व्यापारियों की मांग की कि नए निर्माण का आश्वासन दिया जाए।

## जटाले अध्यक्ष एवं शाह सचिव मनोनीत



**बैड़िया।** स्थानीय दिगंबर जैन समाज की नवीन कार्यकारिणी का समाज प्रमुख जनों के बीच गठन हुआ। समाज के विकास एवं समृद्धि हेतु युवा टीम को चुना गया। जिसमें अध्यक्ष पंकज जटाले, उपाध्यक्ष वरुण धनोते, राकेश घाटे, सचिव अजय शाह, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र घाटे एवं सहसचिव तरंग जटाले को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस अवसर पर समाज प्रमुख संतोष मानोरिया एवं पुष्पेंद्र शाह ने बताया कि अध्यक्ष एवं सचिव की जोड़ी डबल इंजन की जोड़ी होगी जो कि समाज को विकसित एवं समृद्ध बनाने में कारगर साबित होगा। सभी समाज जनों ने नव नियुक्त प्रतिनिधियों को हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की।

एसडीएम ने खसरा के कालम 12 में लिखा अहस्तांतरणीय, कलेक्टर की बिना अनुमति के नहीं बिकेगी

# सारंगपुर में 29 कॉलोनियां अवैध घोषित

राजीव टाइम्स ▪ सारंगपुर






सारंगपुर एसडीएम ने क्षेत्र की 29 अवैध कॉलोनियों के क्रय- विक्रय पर रोक लगा दी है। पटवारियों द्वारा मिले प्रतिवेदन के बाद सारंगपुर की 8 तलेन की 6 और पचोर की 15 कॉलोनियों को अवैध करार देते हुए उनके विक्रव पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। वहीं आदेश जारी कर सभी कॉलोनियों की जमीनों की खसरा नकल के कॉलम 12 में अहस्तांतरणीय लिख दिया है। ताकि बिना कलेक्टर की अनुमति के प्लॉट का विक्रय नहीं किया जा सके।

गुरुवार को सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होंरे ने बताया कि बीते दिनों पटवारियों से प्राप्त अवैध कॉलोनियों के प्रकरणों में भू-मालिकों से जवाब मांगा था। बिना विकास अनुमति के डेवलप की जा रही कॉलोनियों में मापदंड पूरे नहीं होने से ग्राहकों से ठगी होने की आशंका है। सभी कॉलोनियों के प्रकरणो की जांच की जा रही है उसके बाद प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजे जाएंगे। प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद अंतिम निर्णय कलेक्टर लेंगे। लेकिन उसके पहले इन जमीनों से प्लॉट विक्रय पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। इनके खसरा नकल में ही कॉलम 12 में अहस्तांतरणीय लिख दिया है। जिससे पंजीयन पोर्टल पर हस्तान्तरण नहीं हो सके।

**अवैध कॉलोनियों को किया हस्तांतरणीय-** अवैध कॉलोनियों को लेकर कलेक्टर राजगढ़ की सख्ती के बाद जिले भर में अवैध कॉलोनियों को लेकर स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिए और अवैध कॉलोनाइजरों के विरुद्ध स्थानीय थानों में एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किए गए। इसी क्रम में सारंगपुर अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे ने अपने अनुभाग क्षेत्र सारंगपुर पचोर तलेन में अवैध कॉलोनी के कॉलोनाइजरों पर शिकंजा कसते हुए राजस्व अधिनियम के तहत कार्यवाही की हैं।

**मूलभूत सुविधा का सपना दिखाकर बेच रहे प्लॉट** - नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में कुकुरमुत्तों की तरह पनप रही अवैध कॉलोनियो में कॉलोनाइजर द्वारा भोले भाले लोगों को मूलभूत सुविधा एवं सबसे कम दाम का सपना दिखाकर प्लॉट बेच रहे हैं। कॉलोनाइजर के पास किसी भी प्रकार का वैध लाइसेंस नहीं हैं इतना ही नहीं कॉलोनी के लिए जितनी जमीन होना चाहिए वह भी नहीं है फिर भी छोटे जमीन के टुकडे को कॉलोनी का नाम देकर प्लॉट काट रहे हैं। ऐसे में जरूरतमंद लोग उन कॉलोनाइजरों के झूठे सपनों के चक्कर में आकर अपना आशियाना बनाने के लिए प्लॉट खरीद लेते हैं। जैसे- तैसे या प्रधानमंत्री आवास योजना में उक्त कॉलोनियों में आशियाना बना लेते हैं, लेकिन बिजली, पानी, सड़क, पार्क, मंदिर आदि सुविधा के लिए कॉलोनाइजर से बात करते हैं तो कॉलोनाइजर सीधे मुंह बात नहीं करता फिर सिलसिला शिकायत पर आता है और मूलभूत सुविधा के लिए सीएम हेल्पलाइन सहित स्थानीय पार्षद, जन प्रतिनिधि के चक्कर लगाना पड़ रहे हैं।

# पोप के मरने से पहले ही अंतिम संस्कार की रिहर्सल, कब्र-ताबूत दोनों तैयार!

**वेटिकन ▪ एजेंसी**

मरने के बाद अंतिम संस्कार करना आम बात है। लेकिन क्या आप सोच सकते हैं कि किसी के मरने से पहले कोई अंतिम संस्कार का रिहर्सल हो रहा हो या किया गया हो। ऐसा हुआ है फ्रांसिस पोप के मरने से पहले। फ्रांसिस पोप के अंतिम संस्कार की कथित तौर पर रिहर्सल की जा रही है, क्योंकि 88 वर्षीय पोप ने चेतावनी दी थी कि वे निमोनिया से बच नहीं पाएंगे। स्विस अखबार ब्लिक का दावा है कि 88 वर्षीय पोप की सुरक्षा करने वाले स्विस गार्ड उनके अंतिम संस्कार की रिहर्सल कर रहे हैं।

इसके सदस्यों को कर्फ्यू के तहत रखा गया है, क्योंकि वे 'पोंटिफ की मृत्यु की तैयारी' कर रहे हैं। पोप ने पहले खुलासा किया था कि उन्होंने अपनी कब्र 'पहले ही तैयार कर ली है'। लेकिन उनकी कब्र और ताबूत का



स्थान परंपरा से अलग होगा। 88 वर्षीय पोप निमोनिया से पीड़ित हैं और उनकी स्थिति गंभीर है। वेटिकन ने उनके कई कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। गौरतलब है कि पोप फ्रांसिस को शुक्रवार को सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद रोम के जेमेली अस्पताल ले जाया गया था। जहां उन्होंने कई दिनों तक वेटिकन छोड़ने के आह्वान का विरोध किया था। डॉक्टरों ने उन्हें 'जटिल' श्वसन संक्रमण से पीड़ित बताया और उन्हें कई कार्यक्रमों में भाग लेने से रोक दिया, साथ ही वेटिकन ने इस सप्ताह उनके पोप के दर्शकों के कार्यक्रम रद्द कर दिए या उनका कार्यक्रम फिर से निर्धारित कर दिया। वेटिकन ने मंगलवार को निमोनिया की पुष्टि की और कहा कि फ्रांसिस के श्वसन संक्रमण में अस्थमा संबंधी ब्रोंकाइटिस भी शामिल है, जिसके लिए कॉर्टिसोन एंटीबायोटिक उपचार की आवश्यकता होती है।

वेटिकन ने कहा, 'प्रयोगशाला परीक्षण, छाती का एक्स-रे और पोप की क्लिनिकल स्थिति एक जटिल तस्वीर पेश करती रहती है।' संक्रमण विशेष रूप से चिंता का विषय है क्योंकि पोप के फेफड़े का एक हिस्सा कई साल पहले निकाला गया था। 81 वर्षीय इतालवी कार्डिनल एंजेलो कोमास्ट्री ने ब्रॉडकास्टर राय को पोप की स्थिति के बारे में बताया: 'फ्रांसिस बहुत शांत हैं। उनका नेतृत्व प्रभु के हाथों में है।'


**आतंकवादी हमले** | ईरान और हमास का हाथ होने की शंका, न किसी की मौत, न कोई घायल

# इजराइल में हुए सिलसिलेवार धमाके पार्किंग में खड़ी बसें ध्वस्त, अलर्ट जारी

**तेल अवीव ▪ एजेंसी**

इजरायल में गुरुवार को बसों में सिलसिलेवार धमाके हुए हैं। पार्किंग में खड़ी तीन बसों में एक के बाद एक ब्लास्ट से सेंट्रल इजरायल दहल गया। अधिकारियों को संदेह है कि यह एक आतंकवादी हमला था क्योंकि दो और बसों से भी विस्फोटक मिले हैं। हालांकि इन धमाकों में किसी की जान नहीं गई है और ना किसी के घायल होने की सूचना है।


ये धमाके हमास और इजरायल के बीच गाज युद्धविराम के तहत चल रही कैदियों की अदलाबदली के बीच हुए हैं। इजरायल के लोगों का कहना है कि धमाके 2000 के दशक के फिलिस्तीनी विद्रोह के दौरान हुए बम विस्फोटों की याद दिलाते हैं। बस धमाकों के बाद इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने सुरक्षा बैठक बुलाई है। स्थानीय प्रशासन में भी चिंता बढ़ गई है। अधिकारियों ने जनता से सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस ने शुरुआती बयान में इसे एक संदिग्ध आतंकी हमला माना है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बम एक ही तरह से लगाए गए थे, जिनमें टाइमिंग



डिवाइस लगे थे। बम निरोधक दस्ते ने कुछ बमों को निष्क्रिय कर दिया।

### देशभर में तलाशी अभियान

इजरायली पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने धमाकों के बाद इजरायल के सभी बड़े शहरों में बसों और ट्रेनों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया है। पुलिस प्रवक्ता हैम सरग्रोफ ने बताया कि यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि क्या एक ही व्यक्ति ने बसों में विस्फोटक लगाए थे या इसमें कई लोग शामिल थे। सरग्रोफ ने सभी बसों और ट्रेनों में सुरक्षा स्कैन करने की पुष्टि की है। सरग्रोफ ने इन विस्फोटकों और वेस्ट बैंक में आमतौर पर पाए जाने वाले विस्फोटकों के बीच समानता की पहचान का संकेत दिया लेकिन ज्यादा जानकारी नहीं दी है। बैट याम के मेयर त्जविका ब्रॉट ने कहा कि ये एक बड़ा धमाका था लेकिन सौभाग्य से कोई घायल नहीं हुआ क्योंकि बसें धमाके के वक्त खाली थीं और पार्किंग में खाड़ी थीं। इजरायल की परिवहन मंत्री मिरी रेगेव ने देशभर में बसों, ट्रेनों, और लाइट रेल ट्रेनों की जांच का आदेश दिया है।



### नेतन्याहू करेंगे बैठक

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पुलिस और शिन बेट को सुरक्षा कड़ी करने के निर्देश दिए हैं। उनके कार्यालय ने एक बयान में जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू दान (केंद्रीय) क्षेत्र में धमाकों पर अपने सैन्य सचिव से अपडेट ले रहे हैं और एक सुरक्षा मूल्यांकन बैठक करेंगे। इजरायल के रक्षा मंत्री ने यहूदिया और सामरिया के शरणार्थी शिविरों में अभियान तेज करने और तीन अतिरिक्त बटालियन तैनात करने का आदेश दिया है।

# बेंगलुरु को भगवान भी नहीं बदल सकते : शिवकुमार

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार विवादों में घिर गए हैं। उन्होंने हाल ही में एक बयान दिया था, जिस पर बखेड़ा खड़ा हो गया है। शिवकुमार ने कहा था कि अगर भगवान भी आ जाएं, तो बेंगलुरु को नहीं बदल सकते। डीके शिवकुमार के इस बयान का सोशल मीडिया पर काफी विरोध किया गया। लोगों ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को राज्य में प्रोजेक्ट्स पूरे होने में हो रही देरी और ट्रैफिक की समस्याओं को लेकर लताड़ लगाई है।

दरअसल डीके शिवकुमार रोड कंस्ट्रक्शन वर्कशॉप का उद्घाटन करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ये बयान दिया। शिवकुमार ने कहा कि बेंगलुरु का बढ़ रहा ट्रैफिक और इंफ्रास्ट्रक्टर की समस्याएं रातों रात नहीं खत्म हो सकतीं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु अगले दो या तीन साल में नहीं बदल सकता। भगवान भी इसे नहीं बदल सकते। ये तभी हो सकता है, जब प्लानिंग बेहतर तरीके से की जाए और इसे सही तरीके से लागू भी किया जाए।

डीके शिवकुमार का बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब



बेंगलुरु के निवासी लगातार सड़क पर बढ़ रही ट्रैफिक की समस्या, मेट्रो विस्तार में देरी और पब्लिक ट्रांसपोर्ट की अनुपलब्धता का मामला उठा रहे हैं। आलोचको का कहना है कि लुभावने इंफ्रास्ट्रक्टर प्रोजेक्ट की घोषणा हो जा रही है, लेकिन एग्जीक्यूशन में काफी देरी होती है। इकोनॉमिस्ट मोहनदास पाई ने भी शिवकुमार के बयान को लेकर आपत्ति जाहिर की है और सरकार के प्रोग्रेस पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया साइट पर लिखा, 'आपको मंत्री बने 2 साल हो गए है। हमें लगा था कि आप ताकतवर मंत्री साबित होंगे, लेकिन हमारी जिंदगी अब और ज्यादा खराब हो गई है।' वहीं शिवकुमार के बयान पर राजनीति भी शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने सिद्दरमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि ये काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो ब्रांड बेंगलुरु बनाने की बात करता था, वह कह रहा है कि भगवान भी इसे ठीक नहीं कर सकते।

# बीजेपी के मिशन बंगाल के खिलाफ ममता का बंदोबस्त



**कोलकाता।** ममता बनर्जी की तरफ से 'मृत्युकुंभ' बताया जाना, महाकुंभ को लालू यादव के 'फालतू' बताने जैसा ही है, लेकिन उससे थोड़ा आगे की बात है। ऐसे भी समझ सकते हैं कि ममता बनर्जी ने महाकुंभ पर भी बिल्कुल वैसा ही स्टैंड लिया है जैसा अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन समारोह को लेकर था। यूं तो ममता बनर्जी ने ऐसा बोलकर बीजेपी को निशाना बनाया है, लेकिन लगे हाथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भी लपेटे में ले लिया है। ममता बनर्जी का बयान राहुल गांधी के महाकुंभ में डुबकी लगाने के ठीक पहले आया है, और 'मृत्युकुंभ' बोलकर ममता बनर्जी ने राहुल गांधी को भी सकते में डाल दिया है। हो सकता है आने वाले दिनों में राहुल गांधी को भी महाकुंभ स्नान के लिए विपक्षी खेमे की तरफ से ही कठघरे में खड़ा कर दिया जाये। राहुल गांधी के महाकुंभ दौरे को लेकर अपडेट यही है कि पूरे परिवार का यात्रा प्लान फाइनल हो चुका है।

# ट्रम्प बोले- टैरिफ की धमकी के बाद टूट गया ब्रिक्स समूह

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को दावा किया कि ज्यादा टैरिफ की धमकी देने के बाद ब्रिक्स (जिसमें भारत भी शामिल है) टूट गया है। ब्रिक्स एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसमें 10 देश (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 150 प्रतिशत टैरिफ की धमकी के बाद उन्होंने ब्रिक्स के बारे में नहीं सुना है। ट्रंप ने कहा, "ब्रिक्स देश हमारे डॉलर को नष्ट करने की कोशिश कर रहे थे। वे एक नई मुद्रा बनाना चाहते थे। इसलिए जब मैं आया, तो मैंने सबसे पहले यही कहा कि अगर कोई ब्रिक्स देश डॉलर के विनाश का जिक्र भी करेगा, तो



उस पर 150% टैरिफ लगाया जाएगा। हमें आपका सामान नहीं चाहिए और ब्रिक्स देश टूट गए। ट्रंप ने कहा, "मुझे नहीं पता कि उनके साथ क्या हुआ। हमने हाल ही में ब्रिक्स देशों से कोई खबर नहीं सुनी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पदभार ग्रहण करने से पहले भी ऐसी ही चेतावनी दी थी, जिसमें कहा गया था कि यदि ब्रिक्स देश नई मुद्रा जारी करेंगे तो उन्हें अमेरिका में आयात पर 100 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने ब्रिक्स देशों को अपनी धमकी दोहराते हुए कहा कि अगर वे अमेरिकी डॉलर को किसी अन्य मुद्रा से बदलने की कोशिश करते हैं तो अमेरिका ब्लॉक के देशों के साथ व्यापार नहीं करेगा।

**पुतिन ने किया था आह्वान** - 2023 में 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने डी-डॉलरीकरण का आह्वान करते हुए कहा कि ब्रिक्स देशों को राष्ट्रीय मुद्राओं में निपटान का विस्तार करना चाहिए और बैंकों के बीच सहयोग बढ़ाना चाहिए।

# सुनीता विलियम्स को लेकर मस्क और एस्ट्रोनॉट भिड़े

**वॉशिंगटन ▪ एजेंसी**

भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके अंतरिक्ष के साथी विल्मोर बुच लंबे समय से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में हैं। वह पिछले साल जून महीने से ही अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं। अब 19 मार्च को दोनों वापस धरती पर लौटने वाले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क को सुनीता और अन्य को अंतरिक्ष से वापस लाने की जिम्मेदारी दी हुई है। इस बीच, सुनीता विलियम्स को लेकर एलन मस्क और डेनिश एस्ट्रोनॉट एंड्रियास 'एंडी' मोंगेनसन की आपस में लड़ाई हो गई, जिसमें मस्क ने एस्ट्रोनॉट को मूर्ख और बेवकूफ तक करार दिया।

दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एलन मस्क की फॉक्स चैनल को दी गई इंटरव्यू की एक क्लिप शेयर की गई। इसमें दोनों



एस्ट्रोनॉट्स के रेस्कयू पर सवाल किया गया था, जिसके जवाब में मस्क ने कहा कि उन्हें जो बाइडेन ने राजनीतिक कारणों से अंतरिक्ष में छोड़ दिया था। इस क्लिप को शेयर करते हुए एस्ट्रोनॉट मोंगेनसन ने मस्क पर निशाना साधा और लिखा कि क्या झूठ है। और वह भी ऐसे व्यक्ति से जो मुख्यधारा के मीडिया से ईमानदारी की कमी की शिकायत करता है।

एलन मस्क ने इस पोस्ट पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि स्पेसएक्स बहुत पहले ही अंतरिक्ष यात्रियों को वापस ला सकता था, लेकिन बाइडेन प्रशासन ने उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। उन्होंने लिखा, ''आप पूरी तरह से मूर्ख हैं। स्पेसएक्स उन्हें कई महीने पहले वापस ला सकता था। मैंने सीधे बाइडेन प्रशासन को यह प्रस्ताव दिया था और उन्होंने मना कर दिया। राजनीतिक कारणों से वापसी को टाल दिया गया। बेवकूफ।''

इस पर एस्ट्रोनॉट ने फिर रिप्लाई किया कि एलन, मैं लंबे समय से आपकी और आपकी उपलब्धियों की प्रशंसा करता रहा हूं, खास तौर पर स्पेसएक्स और टेस्ला में। आप भी जानते हैं कि बुच और सुनी क्रू-9 के साथ वापस आ रहे हैं, जैसा कि पिछले सितंबर से योजना बनाई गई थी। अब भी, आप उन्हें घर वापस लाने के लिए कोई बचाव जहाज नहीं भेज रहे हैं। वे ड्रैगन कैप्सूल पर वापस आ रहे हैं जो पिछले सितंबर से आईएसएस पर है।''


# शव वापसी में हमास का धोखा, भड़का इजरायल

**तेल अवीव ▪ एजेंसी**

इजरायली सेना ने शुक्रवार सुबह बताया कि बंधक बनाए गए दो बच्चों के शवों की पहचान कर ली गई है लेकिन हमास की ओर से सौंपा गया एक अन्य शव इन लड़कों की मां का नहीं है। हमास ने युद्ध विराम समझौते के तहत बृहस्पतिवार को ये चार शव सौंपे थे। इजरायल ने 83 वर्षीय ओडेड लिफ्शिट्ज का शव प्राप्त होने की पुष्टि की है। ओडेड को हमास ने सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के दौरान अगवा कर लिया गया था। इन हमलों के बाद इजरायल और हमास के बीच जंग शुरू हो गई थी।

इजरायली रक्षा बलों ने एक बयान में बताया कि दो बच्चों- एरियल और केफिर बिबास के शवों की पहचान 'नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक मेडिसिन' ने इजरायल पुलिस के सहयोग से की और उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है। बयान के मुताबिक, बंधक बनाए गए इन बच्चों नवंबर 2023 में हत्या कर दी गयी थी। सेना ने साथ ही बताया कि सौंपा गया एक अन्य शव उन लड़कों की मां शिरी बिबास या किसी अन्य बंधक का नहीं है।

**'हमास ने समझौते का उल्लंघन किया'** - इजरायली सेना ने शुक्रवार की सुबह एक बयान में कहा, "हमास ने समझौते का गंभीर उल्लंघन किया है। समझौते



के तहत हमास चार मृतक बंधकों को वापस करने के लिए बाध्य है।" सेना के मुताबिक, "हम मांग करते हैं कि हमास हमारे सभी बंधकों के साथ शिरी को भी घर वापस भेजे।" हमास ने इजरायल के इस बयान पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है कि शव लड़कों की मां का नहीं था। संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा, इजरायल मांग करता है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इस जघन्य अपराध की निंदा करे और बच्चों मां शिरी बिबास को उसके परिवार के पास तुरंत वापस भेजने की मांग करे।

# सऊदी में बिक रहा था यूपी से भेजा गया भैंसे का मांस!

**रियाद ▪ एजेंसी**

भारत के उत्तर प्रदेश का एक युवक सऊदी अरब में जाकर बस गया है। अब ये शख्स वहां की लाइफस्टाइल लोगों के साथ शेयर करता है। सऊदी में एक भारतीय की जिंदगी कितनी मुश्किल है, इसकी झलक शख्स लोगों को दिखाता है। हाल ही में उसने सऊदी के सुपरमार्केट में शॉपिंग करते हुए लोगों को ऐसी चीज दिखाई, जिसने सबके होश




उड़ा दिए। शख्स ने सऊदी में यूपी के मीट को बिकते देखा। इसके बाद उसने प्लास्टिक उठा कर लोगों को सारी डिटेल बताई। भारत में चिकन और मटन तो खूब बिकता ही है, लेकिन शख्स को सऊदी के मार्केट में भारत से भेजा गया भैंसे का मांस नजर आया। सऊदी में यूपी से पैक मीट के पैकेट्स बेचे जा रहे थे। ये फ्रोजेन भैंस का मीट था। भारत से गाय और भैंस का मीट काफी ज्यादा मात्रा में विदेश भेजा जाता है। भारत में गाय का मांस भले ही प्रतिबंधित है, इसके बाद भी इसे काटकर, पैक कर विदेश भेजकर कई लोग मुनाफ़ा कमा रहे हैं। विदेशों में तो भैंस के मीट की भी काफी डिमांड है।

**सौहार्द :** यूपी के जेलों में सरकार ने किए विशेष इंतजाम!

# महाकुंभ के जल से मुस्लिम कैदी भी कर रहे स्नान!

**लखनऊ ▪ एजेंसी**

उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों में कैदियों को महाकुंभ के जल से स्नान कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। महाकुंभ में स्नान की इच्छा रखने वाले बंदीजन अब जेल में ही त्रिवेणी के पवित्र जल से स्नान करने का पुण्य लाभ उठा पा रहे हैं। इस विशेष व्यवस्था के तहत न केवल हिन्दू बल्कि मुस्लिम कैदी भी गंगाजल से स्नान कर साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश कर रहे हैं।

झांसी जिला जेल में त्रिवेणी से लाए पवित्र जल को पानी की टंकी में पूरे विधि विधान के साथ मिलाया गया। पानी को मंत्रोच्चार के साथ शुद्ध किया गया। इसके बाद बंदियों ने इस पवित्र जल में अमृत स्नान किया। झांसी जिला जेल में कुल 1124 कैदियों ने अमृत स्नान का लाभ लिया। इनमें 1035 पुरुष कैदी,



49 महिला कैदी और 40 किशोर शामिल थे। विशेष रुप से बुलाए गए पुजारी द्वारा मंत्रोच्चार किया गया। इसके बाद जिला जेल के वरिष्ठ अधीक्षक विनोद कुमार और अन्य स्टाफ ने आचमन किया। इसके बाद कैदियों ने स्नान कर अमृत का लाभ उठाया।

फतेहपुर की जिला जेल में बंद 930 हिंदू और मुस्लिम कैदियों ने प्रयागराज महाकुंभ से मंगवाए गए जल से स्नान कर अपने गुनाहों की माफी मांगी। जेल में 131 मुस्लिम कैदी बंद हैं। सभी ने त्रिवेणी के पवित्र जल से स्नान किया। इस दौरान जेल का माहौल काफी आध्यात्मिक रहा। वहां हर हर महादेव के नारे खूब गूंजे। ढोल-नगाड़ों के बीच कैदियों को स्नान करवाया गया। जेल अधीक्षक ने कहा कि शासन की मंशा के मुताबिक महाकुंभ से जल मंगवाकर सभी कैदियों को स्नान करवाया गया। इस दौरान सभी कैदी काफी उत्साहित थे।

कैदियों को त्रिवेणी के जल से स्नान कराने के लिए जेल में खास व्यवस्था की गई थी। प्रशासन ने प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से 50 लीटर पवित्र जल मंगवाया था। स्नान के आयोजन के दौरान जेल में महाकुंभ जैसा माहौल था। फिर हवन पूजन हुआ और सभी कैदियों को टीका लगाया गया। महाकुंभ के जल से स्नान करवाने के लिए जेल में कैदियों की लाइन लगवाई गई थी। ढोल नगाड़ों के बीच उनको पवित्र जल से स्नान कराया गया। जेल अधिकारियों ने कहा कि इस पवित्र स्नान से कैदियों में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ेगी और सकारात्मक सोच का संचार होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम से कैदियों में नैतिकता और सुधार की भावना को बल मिलेगा।

रेल मंत्रालय ने X को भेजा नोटिस

# दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ वाले सभी 285 वीडियो हटाए जाएं

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

रेलवे मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X से 285 वीडियोज को हटाने का निर्देश दिया है। ये सारे वीडियो 15 फरवरी को नई दिल्ली स्टेशन पर हुई भगदड़ के हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई। मंत्रालय ने 'नैतिक मानदंडों' और X की अपनी कॉन्टेंट पॉलिसी का हवाला दिया है।

17 फरवरी को भेजे नोटिस में X को कार्रवाई के लिए 36 घंटों का समय दिया गया था। नोटिस में लिखा है, ये न केवल नैतिक मानदंडों के खिलाफ है, बल्कि X की कॉन्टेंट पॉलिसी के भी खिलाफ है। क्योंकि इस तरह के वीडियो को शेयर करने से कानून और व्यवस्था को बनाए रखने में दिक्कतें पैदा हो सकती हैं। इन दिनों ट्रेनों में भारी भीड़ को देखते हुए भी ऐसे कॉन्टेंट भारतीय रेलवे के संचालन को प्रभावित कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, नोटिस में देश के प्रमुख न्यूज चैनलों के अकाउंट से पोस्ट किए गए वीडियोज को भी शामिल किया गया है। इनमें शवों को दिखाए जाने को लेकर चिंता जताई गई है। कहा गया है कि ये संवेदनशील और परेशान करने वाले कॉन्टेंट हैं।



**नियम क्या कहते हैं** - रेलवे मंत्रालय को 24 दिसंबर को एक नया अधिकार दिया गया। मंत्रालय के कार्यकारी निदेशक, सूचना एवं प्रचार (रेलवे बोर्ड) अब खुद ही ऐसे नोटिस जारी कर सकते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79(3)(बी) के तहत उनको ये अधिकार दिया गया है। पहले इस तरह के नोटिस आईटी मंत्रालय की धारा 69ए के तहत ब्लॉकिंग समिति के माध्यम से भेजे जाते थे। नोटिस में भी ये लिखा गया है कि मंत्रालय को ये अधिकार है कि वो कुछ URL तक यूजर्स की पहुंच को खत्म करने के लिए नोटिस दे सकते हैं। ये URL उन अकाउंट्स या कॉन्टेंट के हो सकते हैं जो गैरकानूनी विज्ञापन, एंडोर्समेंट या प्रमोशनल कॉन्टेंट से जुड़े हों।